RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-206 जयपुर, शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 मूल्य-4 रुपये

## सेना का वाहन फिसलकर 400 फीट गहरी खाई में गिरा, दस जवानों की जान गई

श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए सड़क हादसे में सेना के दस जवानों की जान चली गई जबकि 10 घायल हो गए। हादसा भद्रवाह-चंबा मार्ग पर खन्नी टॉप के पास हुआ। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि सेना की टीम बृहस्पतिवार सुबह एक ऑपरेशनल ड्यूटी के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान खन्नीटॉप के पास दुर्गम और तीव्र मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर करीब 400 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरा। वाहन में कुल 20 जवान सवार थे। यह दुर्घटना भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय सड़क पर 9000 फुट ऊंचे खन्नी टॉप पर दोपहर के आसपास हुई, जब बुलेटप्रूफ वाहन, कैस्पर के ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और वाहन 400 फुट गहरी खाई में गिर गया। सेना के इस बख्तरबंद गाड़ी में सवार सभी जवान आतंकवाद विरोधी अभियान के लिए अपनी पोस्टिंग पर जा रहे थे।







हादसे की सूचना मिलते ही सेना, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि मौके पर ही 10 जवानों की जान चली गई 10 जवान घायल अवस्था में मिले। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें विशेष उपचार के लिए एयरलिफ्ट कर उधमपुर स्थित सेना के कमांड अस्पताल भेजा गया है।

### पीएम मोदी ने दुर्घटना पर जताया दुख

इस दुर्घटना पर पीएम मोदी ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'डोडा में हुए हादसे से बहुत दुख हुआ, जिसमें हमने अपने बहादुर सेना के जवानों को खो दिया। देश के लिए उनकी सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा। घायल जल्द से जल्द ठीक हों। प्रभावित लोगों को हर संभव मदद दी जा रही है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुखी परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायल सैनिकों को मेडिकल केयर मिल रही है और सबसे अच्छा इलाज पक्का करने के लिए सभी जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि इस हादसे से दुखी हूं। इस घड़ी में, पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़ा है। घायल सैनिकों को एयरलिफ्ट करके अस्पताल पहुंचाया गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि डोडा से आई दुखद खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मेरी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द ठीक होने के लिए प्रार्थना करती हूं।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने हादसे पर कहा कि आर्मी की गाड़ी के एक्सीडेंट के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। हर मुमकिन मेडिकल मदद दी जा रही है। हमारे बहादुर जवानों के लिए गहरी श्रद्धा दिखाने के लिए कोई भी शब्द काफी नहीं है।

### व्हाइट नाइट कोर ने जारी किया बयान

सेना के जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि खराब मौसम में खतरनाक इलाके से गुजरते समय वाहन सड़क से फिसल गया। अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस के संयुक्त बचाव अभियान में चार सैनिकों के शव बरामद किए गए, जबकि 17 अन्य को घायल हालत में अस्पताल पहुंचाया गया।

## राजस्थान में 16 मई से जनगणना पहले फेज में मकानों की लिस्टिंग

जयपुर

राजस्थान के लिए जनगणना की तारीख तय कर दी गई है। राजस्थान में जनगणना के पहले फेज में मकान सूचीकरण का काम 16 मई से लेकर 14 जून तक पूरा किया जाएगा। पहली बार सेल्फ सेंसस का विकल्प भी दिया है। सेल्फ सेंसस (स्व गणना) 1 मई से 15 मई के बीच करवाई जाएगी।

सांख्यिकी विभाग ने राजस्थान में जनगणना के पहले फेज की अधिसूचना जारी कर दी है। जनगणना के पहले फेज के लिए केंद्र सरकार ने 33 सवाल तय किए हैं, जिसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार जनगणना का काम सरकारी कर्मचारी के साथ-साथ आम लोग खुद भी कर सकेंगे।

इसके लिए जल्द एक पोर्टल और एप शुरू होगा, जिसमें लोग खुद के स्तर पर जानकारी अपलोड कर सकेंगे। हालांकि उस जानकारी को जनगणना के काम में लगे कर्मचारी वेरिफाई करेंगे। इसके लिए आमजन को पोर्टल पर 1 मई से 15 मई तक का समय मिलेगा। स्व गणना 15 दिन में पूरा होने के बाद सरकारी कर्मचारियों की टीम घर-घर जाकर हाउस लिस्टिंग करेगी।



पहले फेज की जनगणना में केवल मकान लिस्ट किए जाएंगे। अगले साल लोगों की गिनती होगी। पहली बार जातीय जनगणना भी होगी। दूसरे फेज की अधिसूचना अलग से जारी की जाएगी। देशभर में जनगणना-2027 का कार्यक्रम इसी साल शुरू होगा।

### जनगणना में लगे कर्मचारियों के ट्रांसफर नहीं हो सकेंगे

जनगणना पूरी होने तक (अगले करीब सवा साल तक) लाखों कर्मचारियों के ट्रांसफर पर रोक लग गई है। कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, शहरी निकायों के आयुक्त, जनगणना में प्रगणक लगे शिक्षक, पटवारी, ग्राम सचिव को दायरे में रखा है।

फरवरी में जनगणना से जुड़े अफसर कर्मचारियों की ट्रेनिंग शुरू हो रही है। जनगणना के काम में 2 लाख से अधिक कर्मचारी-अफसरों की ड्यूटी लगेगी। घर-घर जाकर जनगणना करने के काम में करीब 1.60 लाख प्रगणक लगाए जाएंगे। करीब 30 से 40 हजार सुपरवाइजर और अन्य अफसर रहेंगे। जनगणना से जुड़े कर्मचारियों के ट्रांसफर केवल असाधारण परिस्थितियों में ही हो सकेंगे।

## स्टील प्लांट में ब्लास्ट, 6 मौत, 5 घायल

बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के बलौदाबाजार में इस्पात संयंत्र में गुरुवार को बड़ा हादसा हुआ। क्लिनिकल फर्नेस के दौरान ब्लास्ट होने से छह मजदूरों की मौत हो गई। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना भाटापारा ग्रामीण थाने क्षेत्र के ग्राम बकुलाही स्थित प्लांट की है।

घायलों को सबसे पहले भाटापारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया। फिर प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। अफरा-तफरी मच गई।



सूचना पर पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में लगी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि तकनीकी सिस्टम फेल होने और भारी दबाव से यह हादसा हुआ। हादसे की सूचना पर बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी समेत पुलिस बल के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। कलेक्टर सोनी और एसपी भावना गुप्ता ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत हुई है और पांच घायल हुए हैं। जिला कलेक्टर सोनी ने बताया कि यह घटना भाटापारा ग्रामीण इलाके के बकुलाही गांव में रियल इस्पात एंड पावर लिमिटेड में हुई।

## सीकर समेत 5 जिलो में बरसात, बीकानेर में आंधी चली

### 23 जनवरी को 14 जिलों में आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट

जयपुर

सीकर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर, डीडवाना-कुचामन और नागौर जिले में गुरुवार रात बारिश हुई। बीकानेर में पाकिस्तान बॉर्डर के पास के एरिया में गुरुवार दोपहर आंधी चली। फलोदी में बादल छाए और तेज हवा भी चली।

जैसलमेर में दिनभर तेज हवा चलने के बाद रात 7 बजे मावठ हुई। जिले के सीमावर्ती रामगढ़ कस्बे में तेज गर्जना के साथ बूंदाबांदी हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई।



सीकर में वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर शुरू हो गया है। रात 8:15 बजे आसमान में घने बादल छा गए और शहर के नेहरू पार्क इलाके में हल्की बारिश हुई। श्रीगंगानगर में मौसम ने अचानक करवट ली। रात 9. 30 बजे के बाद बादलों की गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। डीडवाना-कुचामन और नागौर जिले में भी बरसात हुई।

मौसम विभाग ने 23 जनवरी को जयपुर समेत 14 जिलों में आंधी-बारिश और ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 11 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 24 जनवरी से इस सिस्टम का प्रभाव खत्म होगा और प्रदेश में घना कोहरा पड़ेगा। इस दिन जयपुर समेत 16 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

## मुंबई समेत 15 नगर निगम में महिला महापौर होंगी

### उद्धव गुट का आरोप- बीएमसी के लिए नियम बदले

मुंबई

महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में से मुंबई समेत 15 में महिलाएं मेयर होंगी। गुरुवार को मुंबई में लॉटरी सिस्टम से इन्हें चुना गया। परभणी नगर निगम पर महिला महापौर को लेकर आपत्ति दर्ज की गई है।

लॉटरी सिस्टम पर शिवसेना (UBT) नेता और मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने विरोध किया। उन्होंने दावा किया कि यह फैसला लेने के नियम बिना किसी को बताए बदल दिए गए। पिछले दो मेयर सामान्य वर्ग के थे, इसलिए नई मेयर अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) या अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग से होना चाहिए था।



29 में से 12 सीटें ST, SC, OBC कैटेगरी के लिए आरक्षित की गई हैं, जबकि 17 सीटें सामान्य वर्ग के लिए हैं। शिंदे के गढ़ ठाणे में महापौर SC कैटेगरी का होगा। मुंबई में 8वीं बार महिला को यह पद मिलेगा। इससे पहले किशोरी पेडनेकर मेयर थीं। इन नगर निगमों में 15 जनवरी को मतदान हुआ था और रिजल्ट 16 जनवरी को आया था।

## उज्जैन के तराना में हिंसक झड़प

### 11 बसें तोड़ीं, छह लोगों के खिलाफ केस, धारा 144 लागू

उज्जैन

मध्यप्रदेश में उज्जैन के तराना कस्बे में गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे दो पक्षों में विवाद हो गया। उपद्रवियों ने बस स्टैंड पर खड़ी 11 बसों में तोड़फोड़ कर दी। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने लोगों को बलपूर्वक खदेड़ा। स्थिति को देखते हुए क्षेत्र में धारा 144 लागू कर दी गई है।

विवाद की शुरुआत तराना के बड़े राम मंदिर के सामने स्थित सुखला गली में हुई। यहां मंदिर के सामने विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री सोहेल ठाकुर (बुंदेला) खड़े थे। इसी दौरान ईशान मिर्जा सहित कुछ लोग वहां आए। कहने लगे कि यहां क्यों खड़े हो? इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।

कुछ युवकों ने पीछे से सोहेल पर हमला कर दिया। उनके सिर में गंभीर चोट आई हैं। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें उज्जैन रेफर किया गया है। पुलिस ने सप्पान मिर्जा (मदारबाड़ा), ईशान मिर्जा, शादाब उर्फ इडली, सलमान मिर्जा, रिजवान मिर्जा और नावेद के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज किया है।

### खरगे और राहुल गांधी ने देश के मजदूरों को किया आह्वान

## मनरेगा को बचाने संघर्ष करें देशभर के मजदूर: राहुल

नई दिल्ली

कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह पर लाए गए विकसित भारत - रोज़गार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी- जी राम जी अधिनियम को ग्रामीण भारत के गरीबों और कमजोर तबकों पर हमला करार दिया है। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रचनात्मक कांग्रेस द्वारा गुरुवार को जवाहर भवन में आयोजित राष्ट्रीय मनरेगा मजदूर सम्मेलन को संबोधित किया। कांग्रेस के मुताबिक सम्मेलन में देश के 25 राज्यों से 400 से अधिक मनरेगा श्रमिक व कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन में भाग लेने वाले कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र की मिट्टी भी साथ लाए। इन मिट्टियों को मिलाकर जवाहर भवन परिसर में एक पौधा लगाया गया, जिसे मनरेगा और मजदूरों के संघर्ष का प्रतीक बताया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद रहे।



राहुल ने कहा कि मनरेगा को किसी योजना की तरह नहीं, बल्कि गरीबों के अधिकार के रूप में तैयार किया गया था। इसका मकसद था कि जिसे काम चाहिए, उसे सम्मानजनक काम मिले। पंचायत स्तर से योजना चलाई जाए व हर गरीब को रोजगार का अधिकार मिले। उन्होंने आरोप लगाया मोदी सरकार इस अधिकार को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी 'अधिकार' शब्द से परेशान हैं और गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने की बजाय उन्हें आश्रित बनाना चाहते हैं।

## एसआईआर में पारदर्शी हो, चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए। चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता। कोर्ट ने सवाल किया कि क्या एसआईआर नियमों से हटकर हो सकती है।

इस पर चुनाव आयोग की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने कहा- वोटर लिस्ट की जांच करना न्यायसंगत और सही है। कोर्ट को इस प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर देना चाहिए। द्विवेदी ने आगे कहा कि कुछ NGO और नेताओं के कहने पर हर मामले की जांच नहीं हो सकती। बिहार में जिन 66 लाख लोगों के नाम हटे हैं, उनमें से किसी ने कोर्ट में शिकायत नहीं की। आजकल ECI को गाली देकर चुनाव जीतना फैशन बन गया है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सिरोही में पूर्व सीएम गहलोत और कांग्रेस पर निशाना साधा

## पेपर लीक का मामला गहलोत जी आपके घर तक पहुंच रहा

### घुसपैठियों को बाहर करने पर कांग्रेस के पेट में मरोड़े क्यों

सिरोही

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को सिरोही में पूर्व सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- पूर्व मुख्यमंत्री जी आपकी उम्र हो गई। चश्मा बदलवा लीजिए, जिससे राजस्थान आपको दिखे, राजस्थान का युवा दिखे।

सीएम ने कहा- स्ढक्र के नाम पर कांग्रेस लोगों को बहकाने का काम कर रही है, लेकिन हम कहना चाहते हैं किसी भी घुसपैठिए के लिए राजस्थान में स्थान नहीं है। एक-एक घुसपैठिए को बाहर निकालेंगे।



उन्होंने कहा- हम घुसपैठिए की बात करते हैं तो उनके पेट में मरोड़े उठते हैं, क्योंकि उन्होंने हमेशा से भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति की है। अब यह नहीं चलेगा। ये प्रदेश अब कानून के हिसाब से चलेगा।

### कांग्रेस वालों को विकास दिखाई नहीं देता

मुख्यमंत्री ने ग्राम उत्थान शिविरों के शुभारंभ के दौरान कहा- कांग्रेस ने जाते समय 'इन्वेस्ट राजस्थान' किया था। जाने वाले को कौन पूछता है। इस कारण हमने आते ही पहले साल में 'राइजिंग राजस्थान' किया। इसमें से 8 लाख करोड़ के काम जमीन पर आ गए, लेकिन कांग्रेस वालों को दिखाई नहीं देते हैं। हमारी सरकार ने स्कूलों में बच्चों की आंखों की जांच के लिए अभियान चला रखा है। जांच के बाद उनको चश्मा दे रही है। मैं कांग्रेस के लोगों से कहना चाहता हूं आपकी आंखें खराब हो गई है, आपको विकास नहीं दिखता है, पेपर लीक नहीं दिखता है।

उन्होंने कहा- आपको अशांति करने वाले नहीं दिखते हैं तो आपका भी एक कैंप लगवा दूं कि जांच कराके आपके चश्मा लग जाए, जिससे आपको विकास भी दिखे और राजस्थान का काम भी दिखे और इन युवाओं की तड़प भी दिखे। किसान के बेटे ने पिछले कार्यकाल में लगातार दंश झेला था।

सीएम ने कहा- 2019 में पेपर हुआ था। ओएमआर सीट में कैसे बदलाव हुआ। अरे पूर्व मुख्यमंत्री जी यह आपके घर तक भी जा रहा है। आपका पीएसओ क्या बिना आपके चला। एक बार ध्यान तो दीजिए, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री को यह नहीं दिखता है। पूर्व मुख्यमंत्री जी उम्र आपकी भी हो गई, चश्मा आप भी बदलवा लीजिए, जिससे राजस्थान आपको दिखे, राजस्थान का युवा दिखे।

भजनलाल शर्मा ने कहा- कुछ लोग तो ऐसे हैं जिनको सिर्फ बोलना है। लेकिन बोलना क्या है, किसके बारे में बोलना है कुछ पता नहीं। हमारी सरकार क्या कर रही है। अभी तो आगे-आगे देखते जाइए होता है क्या।

## एक करोड़ का इनामी समेत 11 नक्सली ढेर

### सारंडा जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान एनकाउंटर

### पुलिस, कोबरा बटालियन और सेंट्रल फोर्स शामिल

चाईबासा

झारखंड के सारंडा में मुठभेड़: एक करोड़ के इनामी अनल समेत कई नक्सली ढेर, करीब 10 साथियों के मारे जाने की भी खबर

झारखंड में मुठभेड़ में 11 से ज्यादा नक्सली ढेर हुए हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में गुरुवार सुबह से सुरक्षाबलों और भाकपा (माओवादी) नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। गुरुवार तड़के मुठभेड़ शुरू हुई। आसपास का इलाका गोलियों की आवाज से गूंज उठा।



जानकारी के मुताबिक झारखंड पुलिस, कोबरा और सेंट्रल पुलिस फोर्स के जवानों की सर्चिंग के दौरान 1 करोड़ के इनामी नक्सली अनल दा के दस्ते के साथ मुठभेड़ हुई। उसके दस्ते में 14 से अधिक नक्सली हैं। लगातार हो रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 11 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि एक करोड़ के इनामी नक्सली अनल दा भी मारा गया है। हालांकि, इसके मारे जाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

सुरक्षाबल नक्सल विरोधी अभियान के तहत सारंडा के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान जंगल में पहले से घात लगाए बैठे नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाल लिया, जिसके बाद मुठभेड़ तेज हो गई।

## डिप्टी सीएम के दौरे से पहले पुलिस की गाड़ी लेकर भागा शराबी

बागपत (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बागपत में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के प्रस्तावित दौरे से ठीक एक रात पहले पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव उस वक्त फूल गए, जब सुरक्षा में लगी एक सरकारी गाड़ी चोरी हो गई। हैरान करने वाली बात यह है कि जिस पुलिस पर जिले की सुरक्षा का जिम्मा था, एक शराबी युवक उनकी आंखों के सामने से ही सरकारी टाटा सूमो लेकर फरार हो गया। इस घटना ने पुलिस की मुस्तैदी पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, नेशनल हाईवे-709बी के वंदना चौक पर ट्रैफिक पुलिस की गाड़ी खड़ी थी। तभी एक नशे में धुत युवक वहां पहुंचा और मौका पाकर ड्राइवर की सीट पर बैठ गया। पुलिसकर्मी कुछ समझ पाते, इससे पहले ही वह गाड़ी स्टार्ट कर रफूचक्कर हो गया। अपने सामने ही सरकारी गाड़ी को चोरी होते देख पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया और तुरंत हाईवे पर फिल्मी अंदाज में पीछा शुरू हुआ। शराबी युवक गाड़ी को मेरठ-बागपत हाईवे की तरफ तेज रफ्तार में दौड़ाता रहा। पुलिस की टीम लगातार उसका पीछा कर रही थी, लेकिन कुछ दूरी पर जाकर युवक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित टाटा सूमो सड़क किनारे एक दुकान में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुकान का अगला हिस्सा और सरकारी गाड़ी दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद युवक घायल होकर बेहोश हो गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और राहत की सांस ली। डिप्टी सीएम के संवेदनशील दौरे से पहले हुई इस चूक ने विभाग के भीतर खलबली मचा दी है।

## पान मसाला विज्ञापन को लेकर सलमान कोर्ट में नहीं हुए पेश, अगली सुनवाई 5 को



मुंबई (एजेंसी)। बालीवुड के भाईजान और सुपरस्टार सलमान खान के खिलाफ पान मसाला का विज्ञापन को लेकर शिकायत दर्ज हुई थी, जिसमें आरोप लगाए थे और कहा था सलमान खान और पान मसाला कंपनी जनता को गुमराह कर रही है, क्योंकि 5 रुपए के पाउच में असली केसर का इस्तेमाल मुमकिन नहीं है। वहीं, इस मामले में मंगलवार को कोटा कंज्यूमर कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन सलमान खान अदालत में पेश नहीं हुए। अब अगली सुनवाई 5 फरवरी को तय की है और शिकायतकर्ता ने एक्टर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए जाने की गुहार लगाई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये मामला बीजेपी नेता इंद्र मोहन सिंह हनी द्वारा दायर किया गया है। वकिल रिपु दमन सिंह ने बताया कि कोर्ट ने 26 दिसंबर को आदेश दिया था कि सलमान खान 20 जनवरी को व्यक्तिगत रूप से पेश हों, लेकिन वे नहीं आए। परिवादी पक्ष ने कोर्ट को बताया कि इसी तरह के एक मामले में 15 जनवरी को जयपुर उपभोक्ता आयोग ने भी सलमान खान के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। बता दें अब न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 5 फरवरी तय की है। साथ ही पहले फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हस्ताक्षरों की रसीद भी अगली तारीख पर पेश करने के निर्देश दिए हैं।

## सोशल मीडिया पर वजन घटाने का उपाय... 24 घंटे में चली गई 19 साल की लड़की की जान

मदुरै (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर वजन घटाने के उपाय लोगों को आकर्षित करते हैं, लेकिन हाल ही में ऐसा ही एक उपाय एक छात्रा की जान का कारण बन गया। 19 वर्षीय कलैयारसी, जो सेलूर के मीनाम्बलपुरम की रहने वाली थी और नरिमेडु स्थित एक निजी महिला कॉलेज में स्नातक की प्रथम वर्ष की छात्रा थी, ने वजन कम करने के लिए इंटरनेट पर एक यूट्यूब वीडियो में बताए गए तरीके का सहारा लिया। वीडियो में 'वेंकारम' (बोरेक्स) के सेवन से वजन घटाने की सलाह दी गई थी। पुलिस के अनुसार, कलैयारसी ने 16 जनवरी को लोकल दवा की दुकान से यह पदार्थ खरीदा और अगले दिन वीडियो के अनुसार इसका सेवन किया। इसके तुरंत बाद युवती को उल्टी और दस्त शुरू हो गए। उसकी मां ने निजी अस्पताल ले जाया, जहां उपचार के बाद लड़की को घर भेज दिया गया। शाम को लक्षण फिर उभरे और पास के एक अन्य अस्पताल में इलाज के बाद घर लौटने पर तेज पेट दर्द और मल में खून आने की शिकायत हुई। इसके बाद रात करीब 11 बजे उसकी हालत गंभीर हो गई। पड़ोसियों की मदद से सरकारी राजाजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया और मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने चेताया है कि सोशल मीडिया और इंटरनेट पर वजन घटाने के लिए साझा किए जाने वाले उपाय अक्सर खतरनाक हो सकते हैं और किसी भी दवा या पदार्थ का सेवन डॉक्टर की सलाह के बिना नहीं करना चाहिए। इस दुखद घटना ने लोगों के लिए एक गंभीर संदेश छोड़ा है कि स्वास्थ्य संबंधी सलाह केवल प्रमाणित स्रोतों से ही ली जानी चाहिए।

## जगन्नाथ मंदिर को बम हमले की धमकी, सुरक्षा को बढ़ाया गया

पुरी(एजेंसी)। ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर को बम हमले की धमकी मिलने के बाद मंदिर परिसर और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस ऑनलाइन पोस्ट के संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि फेसबुक संदेश में बीजू जनता दल (बीजद) के राज्यसभा सदस्य सुभाषीश खुंटिया और तीर्थ नगरी पुरी के एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर हमले की धमकी भी दी गई थी। अधिकारी के अनुसार, जिस महिला के अकाउंट से पोस्ट की गई थी, उस महिला ने इसमें किसी भी तरह की संलिप्तता से इंकार कर दावा किया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम से फर्जी यूजर आईडी बनाकर दहशत फैलाने की कोशिश की होगी। महिला के बयान के आधार पर पुलिस ने एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए पकड़ा है।

## होली के त्यौहार के मौके पर महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देगी रेखा सरकार

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली सरकार मार्च में होली के त्यौहार के मौके पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) की महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिल्ली मंत्रिमंडल ने इस संबंध में एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। होली और दीपावली के मौके पर ईडब्ल्यूएस परिवारों की महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना, साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को 500 रुपये प्रति सिलेंडर की रियायती दर पर सिलेंडर उपलब्ध कराना, दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के घोषणापत्र का हिस्सा था।

# अंतरिक्ष यात्री विलियम्स ने की कल्पना चावला की मां से मुलाकात तो भर आईं आंखें

**-दोनों ने एक-दूसरे के गले लगकर स्वागत किया और पुरानी यादें की ताजा**



**नई दिठ्ठस्त्रठ्ठी (एजेंसी)।** भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने दिवंगत अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के परिवार से मुलाकात की। यह मुलाकात दो परिवारों का मिलन नहीं, बल्कि यादों और साझा विरासतों का एक भावुक संगम था। सुनीता दिल्ली में कल्पना चावला की 90 साल की मां, संजोगता खरबंदा और उनकी बहन दीपा से मिलीं। जैसे ही सुनीता ने कल्पना की मां को गले लगाया, कमरे में सन्नाटा छा गया और आंखें नम हो गईं। दोनों ने एक-दूसरे का गले लगकर स्वागत किया जिसने पुरानी यादें ताजा कर दीं। भारत में जन्मीं अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला चालक दल के उन सात सदस्यों में से एक थीं, जिनकी फरवरी 2003 में अंतरिक्ष शटल कोलंबिया के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण मृत्यु हो गई थी।

बता दें दुर्घटना उस वक्त हुई थी जब अंतरिक्ष यान पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश के दौरान टूटकर नष्ट हो गया था। वह अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला थीं और उनकी मृत्यु पर भारत में गहरा शोक व्यक्त किया गया। सुनीता विलियम्स (60) ने मंगलवार को दिल्ली स्थित 'अमेरिकन सेंटर' में आयोजित 'आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर' नामक एक संवाद सत्र में भाग लिया था। करीब एक घंटे के इस कार्यक्रम के खत्म होते ही विलियम्स मंच से नीचे उतरीं और सभागार में पहली पंक्ति में बैठी कल्पना चावला की मां संयोगिता चावला की ओर बढ़ीं तथा उन्हें गर्मजोशी से गले लगाया। विलियम्स इस दौरान अपने चिरपरिचित अंतरिक्ष यात्री के लिबास में थीं।

उन्होंने कल्पना चावला की बहन दीपा से भी मुलाकात की, जो इस कार्यक्रम में अपनी मां के साथ आई थीं। विलियम्स वर्तमान में भारत यात्रा पर हैं। वह 22 जनवरी से शुरू होने वाले केरल साहित्य महोत्सव के नौवें संस्करण में भाग लेने वाली हैं। आयोजकों ने दिसंबर के अंत में इसकी घोषणा की थी।

अमेरिकी नौसेना की पूर्व कप्तान सुनीता विलियम्स का जन्म 19 सितंबर, 1965 को अमेरिका के ओहायो के यूक्लिड में हुआ था। उनके पिता दीपक पंड्या गुजराती थे और मेहसाणा जिले के झुलासन के रहने वाले थे जबकि उनकी मां उर्सुलिन बोनी पंड्या स्लोवेनियाई थीं। अपने संबोधन में सुनीता ने यह भी कहा कि भारत आने पर घर वापसी जैसा महसूस हो रहा है, क्योंकि यह वह देश है जहां उनके पिता का जन्म हुआ था। बाद में चावला की मां ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि वह (विलियम्स) परिवार के सदस्य की तरह हैं। कल्पना चावला की मां ने कहा कि कोलंबिया हादसे के बाद ''वह तीन महीने तक हमारे घर आती रहीं। नियमित रूप से सुबह से रात तक रुकती थीं और ''शोक में डूबे हमारे परिवार'' को सांत्वना देती थीं। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि विलियम्स और चावला अंतरिक्ष यात्री के तौर पर एक-दूसरे को अपने साझा पेशे में और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया करती थीं।

अपनी बेटी के जीवन को याद करते हुए कल्पना की मां ने कहा कि वह अपने साथ अनमोल खजाना लेकर आई थी। उसने हमें बहुत कुछ सिखाया। हम क्या कह सकते हैं? संयोगिता चावला ने कहा कि उन्होंने अपनी बेटी को उसके सपनों को पूरा करने में पूरा समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि कल्पना अक्सर कहा करती थी कि मानवता ही एकमात्र धर्म है और उसने कभी कोई दूसरा नाम नहीं लिया। जब हम उससे पूछते थे, तुम्हारा धर्म क्या है? तो वह कहती थी, 'मेरा धर्म कर्म है'।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में फिर दिखा पाकिस्तानी ड्रोन, 10 दिन में पांचवीं घटना



श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास मंगलवार देर रात एक पाकिस्तानी ड्रोन देखे जाने से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। ड्रोन दिखते ही भारतीय सेना ने तुरंत अपना एंटी-ड्रोन सिस्टम सक्रिय कर दिया। सेना के सूत्रों के मुताबिक, यह ड्रोन नियमित निगरानी के दौरान पकड़ा गया। जवाबी कार्रवाई के बाद ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौट गया। बीते 10 दिनों में सीमा और लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास ड्रोन देखे जाने की यह पांचवीं घटना है। इससे पहले 17 जनवरी को रामगढ़ सेक्टर में, 15 जनवरी को एक बार फिर रामगढ़ में, 13 जनवरी को राजौरी जिले में दो बार और 11 जनवरी को नौशेरा, धरमसाल, रियासी, सांबा और पुंछ के मंकोट सेक्टर में एक साथ पांच ड्रोन देखे गए थे। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं को देखते हुए एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निगरानी और चौकसी बढ़ा दी गई है। सेना और खुफिया एजेंसियां ड्रोन गतिविधियों के उद्देश्य का पता लगाने में जुटी हैं। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

## लिव-इन पर कोर्ट ने की अहम टिप्पणी: महिला तभी सुरक्षित, जब पत्नी का दर्जा मिले

**चेन्नई (एजेंसी)।** मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा, कि ऐसे रिश्तों में रहने वाली महिलाओं को वास्तविक सुरक्षा तभी मिल सकती है, जब उन्हें पत्नी के समान दर्जा दिया जाए। कोर्ट ने माना कि मौजूदा कानूनी ढांचे में लिव-इन रिलेशनशिप में महिलाओं को वैवाहिक सुरक्षा प्राप्त नहीं है, ऐसे में अदालत की जिम्मेदारी बनती है कि वह महिलाओं को संरक्षण प्रदान करे।

यह टिप्पणी जस्टिस एस. श्रीमथी ने एक आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए की। आरोपी पर आरोप था कि वह एक महिला के साथ पहले लिव-इन रिलेशनशिप में रहा और बाद में शादी का झूठा वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब रिश्ते में तनाव बढ़ा तो आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने अपने आदेश में पुरुषों की मानसिकता पर भी सख्त टिप्पणी की। जस्टिस श्रीमथी ने कहा कि कई पुरुष खुद को ÷मॉडर्न÷ दिखाने के लिए लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हैं, लेकिन जब रिश्ता टूटता है तो वही पुरुष महिला के चरित्र पर सवाल उठाने लगते हैं। उन्होंने कहा कि पुरुष ऐसा इसलिए कर पाते हैं क्योंकि कानून में लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर स्पष्ट नियमों और सुरक्षा प्रावधानों का अभाव है।

अदालत ने यह भी कहा कि भारत में भले ही लिव-इन रिलेशनशिप को सामाजिक तौर पर पूरी तरह स्वीकार नहीं किया गया हो, लेकिन यह अब एक आम वास्तविकता बन चुकी है। रिश्ते के दौरान पुरुष आधुनिक सोच का दावा करते हैं, लेकिन जब हालात बिगड़ते हैं तो महिलाओं को दोषी ठहराने और सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करने से पीछे नहीं हटते।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है, जो धोखे से शारीरिक संबंध बनाने से जुड़ी है। अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने संकेत दिया कि ऐसे मामलों में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा सर्वोपरि है।

# पीठासीन अधिकारी का व्यवहार निष्पक्ष और न्यायसंगत होना चाहिए-लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला


**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि सदन का समय बहुत कीमती होता है। ऐसे में जरूरी है कि सदन में संवाद हो। सहमति-असहमति हो पर गतिरोध नहीं होना चाहिए। सदन के अंदर सभी राजनीतिक दलों से इस बात की चर्चा होनी चाहिए कि कभी गतिरोध ना आए। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी के रूप में हमें निष्पक्ष और न्यायसंगत होना चाहिए।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बुधवार को उप्र की राजधानी लखनऊ के विधान भवन में 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि राज्य की विधानसभा ही है जिसके द्वारा अंतिम व्यक्ति की आवाज सदन में और सरकार तक पहुंचती है। जैसे न्यायालय के अंदर लोगों का विश्वास रहता है उसी तरह राज्य विधानमंडल में भी अगर सकारात्मक दृष्टिकोण से जनप्रतिनिधि अपनी बात रखेंगे तो इन विधानसभाओं के माध्यम से परिणाम भी आएंगे। यह लोकतंत्र वही व्यवस्था है जिसमें सभा में होने वाली चर्चाओं से ठोस परिणाम निकलते हैं। इन्हीं संवादों और विमर्शों के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाएं निरंतर सुदृढ़ होती हैं और समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करती हैं। आज जब हम यह संकल्प लेते हैं तो यह केवल एक विधायी संस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले समय में हम अपने-अपने लोकतांत्रिक संस्थानों के माध्यम से ÷विकसित भारत÷ के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए अपने राज्य को विकसित राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए आवश्यक है कि सभी माननीय सदस्य चर्चा, संवाद और विचार-विमर्श में सक्रिय भागीदारी करें।

उन्होंने कहा कि विकास के लिए हमें यह विचार करना होगा कि संवाद और विमर्श के माध्यम से राज्य को किस प्रकार दिशा और आधार दिया जा सकता है, ताकि भारत वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त बन सके। समाज की भूमिका इसमें मार्गदर्शक की होनी चाहिए और समाज के विभिन्न वर्गों से प्राप्त सुझावों को गंभीरता से सुना और अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने लगातार यह प्रयास किया है कि लोकतांत्रिक सरकारें अधिक जवाबदेह बनें और शासन-प्रशासन से जुड़ी चुनौतियों को विधायी स्तर पर उठाया जाए। कई बार विधायी प्रक्रियाओं और विपक्ष की भूमिका को सशक्त करने के प्रयास किए गए हैं जिनके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। आने वाले समय में हम यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि राज्य की विधानसभा की न्यूनतम 30 दिन बैठकें हों, जिनमें सहमति और असहमति दोनों के माध्यम से जनहित से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा हो।

उन्होंने कहा कि विधानसभा वह मंच है जहां आम नागरिक की आवाज लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से स्थापित होती है। मतदाता मतदान करने के बाद यह अपेक्षा करता है कि अगले पांच वर्षों तक उसका चुना हुआ प्रतिनिधि उसकी समस्याओं और चुनौतियों को उठाएगा तथा उनके समाधान के लिए प्रयास करेगा। जिस प्रकार जनता का विश्वास न्यायालयों में है उसी प्रकार राज्य विधानमंडल पर भी जनता का अटूट विश्वास होना चाहिए कि उसकी बात यहां अवश्य सुनी जाएगी। हमने विधानसभा को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यमों का उपयोग बढ़ाया है। एआई और नवीन तकनीकों के माध्यम से पुरानी बहसों, चर्चाओं और निर्णयों को अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य विधानसभाओं के बीच आपसी संवाद, विधायी सूचकांक,



भागीदारी, जवाबदेही और कार्यकुशलता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। नए नियम, नई प्रक्रियाएं और प्रभावी संसदीय समितियां लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाती हैं। संविधान के अधीन कार्य करते हुए यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम निष्पक्षता, पारदर्शिता और जनउत्तरदायित्व को सर्वोच्च स्थान दें।

# एकनाथ शिंदे को एमएनएस के समर्थन पर बोले संजय राउत- यह राज ठाकरे का फैसला नहीं



**मुंबई (एजेंसी)।** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) द्वारा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को समर्थन दिए जाने के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। इस मुद्दे पर शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि यह फैसला एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे का नहीं, बल्कि पार्टी के स्थानीय नेताओं का है।

सांसद संजय राउत ने बुधवार 21 जनवरी को मीडिया से बातचीत में दावा किया कि राज ठाकरे इस घटनाक्रम से बेहद नाराज और व्यथित हैं। उन्होंने कहा, राज ठाकरे बहुत व्यथित हैं जिस तरह से स्थानीय नेताओं ने यह फैसला लिया है। उनका साफ कहना है कि इस फैसले में उनकी भूमिका नहीं है और न ही पार्टी की आधिकारिक भूमिका है। संजय राउत के मुताबिक, राज ठाकरे का मानना है कि यदि स्थानीय नेताओं ने पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर निर्णय लिया है, तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

संजय राउत ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे अंबरनाथ में कांग्रेस के 12 पार्षद बीजेपी के साथ चले गए थे और उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया था, उसी तरह पार्टी विरोधी गतिविधियों पर सख्त कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी में भी जो पार्टी के खिलाफ काम करता है, उसे बाहर का रास्ता दिखाया जाता है।

शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने कल्याण-डोंबिवली के घटनाक्रम को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सत्ता के लिए महाराष्ट्र के साथ बेईमानी करने वालों के साथ जो भी खड़ा होता है, जनता उसे भी बेईमान मानती है। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां के लोगों ने बहुत बड़ी गलती की है और इसका राजनीतिक खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ सकता है।

गौरतलब है कि कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका में बहुमत के लिए 62 पार्षदों की जरूरत है। यहां शिवसेना के पास 52 और बीजेपी के पास 51 पार्षद हैं, जबकि एमएनएस के 5 पार्षद निर्णायक स्थिति में हैं। इसी कारण एमएनएस के समर्थन को सत्ता गठन के लिए अहम माना जा रहा है।

**श्रीकांत बोले- महायुति की सत्ता बनेगी**

वहीं, शिंदे गुट की ओर से प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के बेटे और लोकसभा सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि एमएनएस ने महायुति को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी, शिवसेना, एमएनएस और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर यहां महायुति की सत्ता बनेगी और विकास के लिए जो भी साथ आना चाहता है, उसका स्वागत है। इस पूरे घटनाक्रम ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर नई बहस और हलचल पैदा कर दी है।

# स्टालिन का बयान हेट स्पीच की श्रेणी वाला, मद्रास हाईकोर्ट ने की सख्त टिप्पणी

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को लेकर दिए गए बयान पर चल रही राजनीतिक और कानूनी बहस के बीच मद्रास हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है। अदालत ने बुधवार को कहा कि मंत्री द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा हिंदू धर्म पर स्पष्ट हमला है और यह हेट स्पीच की श्रेणी में आती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस तरह के शब्दों का अर्थ जनसंहार की ओर इशारा करता है, जिसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता।



यह टिप्पणी उस याचिका की सुनवाई के दौरान आई, जिसमें एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म संबंधी बयान पर सवाल उठाए गए थे। याचिका में कहा गया था कि मंत्री की टिप्पणी सनातन धर्म को मानने वालों के खिलाफ 'जनसंहार' का आह्वान करती है। हालांकि, उदयनिधि स्टालिन ने अपने बचाव में कहा था कि उनके बयान को गलत तरीके से तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और उनका आशय किसी समुदाय या धर्म के अनुयायियों को आहत या नुकसान पहुंचाने का नहीं था।

मद्रास हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा, यदि यह कहा जाए कि सनातन धर्म का पालन करने वाले लोगों का अस्तित्व नहीं होना चाहिए, तो इसके लिए सही शब्द 'जनसंहार' है। अगर सनातन धर्म को एक धर्म माना जाए, तो यह 'रिलिजिसाइड' यानी धर्म के विनाश की श्रेणी में आएगा। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी भाषा लोगों के उन्मूलन की ओर संकेत करती है, चाहे वह किसी भी तरीके से हो, जिसमें इकोसाइड, फैक्टोसाइड और कल्चरसाइड जैसे रूप शामिल हो सकते हैं।

कोर्ट ने तमिल भाषा में प्रयुक्त शब्द 'सनातन ओझिप्पु' की व्याख्या करते हुए कहा कि इसका सीधा अर्थ सांस्कृतिक उन्मूलन या संस्कृति के नाश से जुड़ा है। इसी आधार पर अदालत ने माना कि मंत्री के बयान पर सवाल उठाने वाली सोशल मीडिया पोस्ट को हेट स्पीच नहीं कहा जा सकता। कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद राजनीतिक गलियारों में बयानबाजी तेज हो गई है।

# बीजेपी के नए अध्यक्ष नितिन नबीन को अब राज्यसभा लाने पर विचार कर रही पार्टी

**-झारखंड से जून 2026 में खाली हो रही सीट वहां से किया जा सकता है नामांकित**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को जल्द ही राज्यसभा में प्रवेश मिलेगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस साल कई राज्यसभा सीटें खाली होने वाली हैं और पार्टी उन्हें राज्यसभा में लाने पर विचार कर रही है। हालांकि, फिलहाल उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया जाएगा, क्योंकि पार्टी एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत का पालन कर रही है। 45 साल के नितिन नबीन बिहार के पांच बार के विधायक हैं। वह बीजेपी के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने गए हैं। उनका जन्म रांची (झारखंड) में हुआ था। उनके पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा भी वरिष्ठ बीजेपी नेता थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को उन्होंने पार्टी मुख्यालय में औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद की कमान संभाली, जहां पीएम मोदी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी। मोदी ने उन्हें मिलेनियल बॉस कहकर संबोधित किया और पार्टी में नई ऊर्जा का संकेत दिया। पार्टी सूत्रों का कहना है कि नितिन नबीन को उनकी नई जिम्मेदारी के अनुरूप संसद में लाया जाएगा। बिहार से राज्यसभा की कोई सीट अभी खाली नहीं है, लेकिन पड़ोसी राज्य झारखंड से एक विकल्प उपलब्ध है। झारखंड से बीजेपी सांसद दीपक प्रकाश का कार्यकाल जून 2026 में खत्म हो रहा है। सूत्रों ने बताया कि नितिन नबीन का जन्म रांची में होने के कारण उन्हें वहां से नामांकित किया जा सकता है। हालांकि पार्टी की केंद्रीय नेतृत्व किसी भी राज्य से उन्हें भेज सकती है, जहां उपयुक्त सीट उपलब्ध हो। इस साल कुल 71 राज्यसभा सदस्य रिटायर हो रहे हैं, जिनमें से 30 बीजेपी के हैं। इनमें यूपी से 8, गुजरात से 3, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम, कर्नाटक, ओडिशा और हरियाणा से दो-दो सीटें शामिल हैं। झारखंड, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और मणिपुर से एक-एक सीट खाली हो रही है। बीजेपी के दो प्रमुख सदस्यों- केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की यूपी से सीटें भी खाली होंगी।

नितिन नबीन के राज्यसभा में आने से पार्टी को युवा और संगठनात्मक रूप से मजबूत चेहरा मिलेगा, जो संसद में सक्रिय भूमिका निभाएगा। उन्हें हाल ही में लुटियंस दिल्ली में आधिकारिक आवास भी आवंटित किया गया है। अध्यक्ष पद संभालने के बाद नबीन का पहला बड़ा कार्यक्रम 21 जनवरी को राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक है, जिसमें पीएम मोदी और संसदीय बोर्ड के सदस्य शामिल होंगे। इसके बाद 27 जनवरी को बजट सत्र से पहले संसदीय दल की बैठक की अध्यक्षता भी वे करेंगे।



**हिन्दुस्तान जिंक, रामपुरा आगुचा की सखी उड़ान समिति की 3200 महिलाओं ने मनाया 7वां वार्षिकोत्सव**

# विगत 9 वर्षो से भीलवाड़ा जिले में सखी प्रोजेक्ट ने 10 ग्राम पंचायतों और 28 गांवों में महिलाओं के जीवन को बदला

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा।** हिन्दुस्तान जिंक सीएसआर के तहत् संचालित प्रमुख सखी प्रोजेक्ट के जरिए ग्रामीण महिलाओं को विकास के केंद्र में रखते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए विकसित भारत के विजन को मजबूत कर रहा है। यह एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर नेतृत्व, गरिमा और आत्मनिर्भरता को फिर से परिभाषित कर रहा है। हाल ही में, सखी उड़ान समिति ने अपने 7वें फेडरेशन गठन दिवस पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। समिति की महिलाओं ने 7 साल पूरे होने वार्षिकोत्सव मनाया, जिसमें महिलाओं ने अपने गांवों में बदलाव की गवाही देते हुए नेतृत्व किया। विगत 9 वर्षो से भीलवाड़ा जिले में, सखी प्रोजेक्ट ने 10 ग्राम पंचायतों और 28 गांवों में विशेष रूप से महिलाओं के जीवन को शक्तिशाली तरीके से जीवन को बदला है। महिलाओं के समूहों को मजबूत करने के लिए शुरू हुई पहल आज 300 स्वयं सहायता समूहों के एक इकोसिस्टम में बदल गई है, जिसमें 3,200 से अधिक महिलाएं सखी उड़ान समिति के तहत एकजुट हैं। इन महिलाओं ने वित्तीय अनुशासन और आपसी विश्वास की एक मजबूत नींव बनाई है, जिसमें सामूहिक बचत में 2.26 करोड़ से अधिक जुटाए हैं और 14.90 करोड़ से अधिक के आंतरिक वित्तीय लेनदेन को सक्षम बनाया है। यह बदलाव आत्मविश्वास, दृढ़ विश्वास और ऐसे निर्णय लेने को दर्शाता है जो उनके परिवारों और समुदायों को आकार देते हैं। हिन्दुस्तान ज़िंक की सखी परियोजना मंजरी फाउंडेशन के सहयोग से संचालित है, यह सहयोग समावेश, सशक्तिकरण और सतत विकास के साझा मूल्यों पर आधारित है। सखी महिला उद्यमियों ने किराने की दुकानों, सिलाई केंद्रों, आटा चक्कियों, ब्यूटी पार्लरों, चाय की दुकानों, फल और सब्जियों की दुकानों, कॉस्मेटिक और ज्वेलरी की दुकानों के जरिए स्थायी आजीविका बनाने के लिए कदम बढ़ाया है। इसके अलावा, कई अन्य महिलाओं ने कृषि और पशुपालन के जरिए अपनी आय को मजबूत किया है। ये महिलाएं अब निर्भर नहीं हैं, वे अपने परिवारों के लिए प्रदाता, समर्थक और शक्ति के स्तंभ हैं। मजबूत बैंक लिंकेज के जरिए, 85 स्वयं सहायता समूहों ने 1.99 करोड़ से अधिक के लोन लिए हैं, जिससे महिलाओं को बड़े सपने देखने और स्थायी उद्यम बनाने के लिए सशक्त बनाया गया है। लगातार क्षमता-निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने वित्तीय साक्षरता, उद्यमिता और नेतृत्व में उनके कौशल को और मजबूत किया है। वर्तमान में, सखी महिलाएं सिर्फ प्रतिभागी नहीं हैं, वे जमीनी स्तर पर बदलाव लाने वाली लीडर हैं। वे ग्राम सभा की बैठकों में सक्रिय रूप से अपनी आवाज उठाती हैं, समुदाय की जरूरतों की वकालत करती हैं, सरकारी कल्याण योजनाओं तक पहुँच को आसान बनाती हैं, और पंचायतों के साथ मिलकर काम करती हैं। घरों को बदलने से लेकर गाँव-स्तर के विकास को आकार देने तक, ये महिलाएँ वहाँ प्रगति का नेतृत्व कर रही हैं जहाँ इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। महिला सशक्तिरण का प्रेरणादायक उदाहरण है, सुल्तानपुरा गाँव की आशा देवी, जो 2017 में सखी प्रोजेक्ट से जुड़ीं। इस कार्यक्रम के जरिए, उन्होंने कौशल, आत्मविश्वास और वित्तीय स्वतंत्रता हासिल की। वह 2019 में क्लस्टर-लेवल फेडरेशन की अध्यक्ष बनीं, और 2021 में सरपंच चुनी गईं। तब से उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच और शासन में महिलाओं की भागीदारी में पहल का नेतृत्व किया है। एक गृहिणी से चुनी हुई गाँव की नेता बनने तक का उनका सफर यह दिखाता है कि सखी कैसे जमीनी स्तर पर नेतृत्व को बढ़ावा देती है और सामाजिक और आर्थिक बदलाव लाती है। सखी प्रोजेक्ट के जरिए, हिंदुस्तान जिंक बदलाव की सूत्रधार के रूप में महिलाओं में निवेश करना जारी रखे हुए है, समुदायों को मजबूत कर रहा है, समावेशी विकास को गति दे रहा है, और विकसित भारत के विजन में सार्थक योगदान दे रहा है।

---

**गुटखा व्यापारी से लूट का मामला**

## आरोपितों से स्कूटी सहित 89,890 रुपए बरामद, शौक-मौज के लिए रची थी वारदात



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** कोतवाली थाना क्षेत्र में गुटखा व्यापारी से हुई लूट के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लूटी गई स्कूटी सहित 89,890 रुपए की राशि बरामद कर ली है। यह बरामदगी तीन आरोपितों की निशानदेही पर की गई है। शेष लूटी गई राशि की बरामदगी के लिए पुलिस पूछताछ कर रही है।

कोतवाली थाने के एएसआई अशोक सोनी ने बताया कि इस मामले में मास्टरमाइंड मोहित सिंह सहित विक्रम उर्फ विक्की, राजू नायक और किशन रेगर को पहले ही गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने खुलासा किया कि कम समय में ज्यादा पैसा कमाने और अपने शौक-मौज पूरे करने के लिए उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस ने पीड़ित व्यापारी से लूटी गई उसकी स्कूटी बरामद कर ली है। वहीं बुधवार को विक्की उर्फ विक्रम से 30,100 रुपए, किशन से 30,550 रुपए और राजू नायक से 29,240 रुपए बरामद किए गए। तीनों आरोपितों ने यह रकम हरणी महादेव रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास योजना क्षेत्र में किराए पर लिए गए कमरे में छिपाकर रखी थी। पुलिस के अनुसार लूटे गए कुल चार लाख रुपए में से अब तक 89,890 रुपए की बरामदगी हो चुकी है, जबकि शेष 3 लाख 10 हजार 110 रुपए की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। इस संबंध में मास्टरमाइंड मोहित सिंह सहित अन्य आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

---

**भीलवाड़ा टेक्सटाइल एवं हैंडीक्राफ्ट मेला-2026**

# भीलवाड़ा में औद्योगिक विकास, अवसर चुनौतियां और संभावनाए' विषय पर हुआ टॉक शो का आयोजन

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



भीलवाड़ा टेक्सटाइल एवं हैंडीक्राफ्ट मेला-2026 के अंतर्गत गुरूवार को 'भीलवाड़ा के औद्योगिक विकास : अवसर, चुनौतियाँ एवं संभावनाएँ' विषय पर एक टॉक शो का सफल आयोजन ग्रामीण हाट, में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एमएलवी टेक्सटाइल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के सहयोग से जिला प्रशासन, उद्योग प्रोत्साहन संस्थान एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के. के. मीना ने उद्योग विभाग द्वारा संचालित उद्योग प्रोत्साहन एवं औद्योगिक विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024, एमएसएमई पॉलिसी-2024, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना-2026, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना-2025 आदि योजनाओं के माध्यम से युवाओं एवं उद्यमियों को मिलने वाले लाभ, अनुदान, सब्सिडी एवं सहायता प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

टॉक शो में पैनलिस्ट के रूप में आर.सी. लोढ़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मेवाड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, अशोक पाण्डे लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा, डॉ. हर्षवर्धन सारस्वत असिस्टेंट प्रोफेसर एमएलवी टेक्सटाइल इंजीनियरिंग कॉलेज, श्री रवि कालरा ने सहभागिता की और अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

कार्यक्रम में आर.सी. लोढ़ा ने ईवी व्हीकल, ए आई, रोबोटिक्स, टेक्नीकल टेक्सटाइल, ओरगेनिक फूड्स का भविष्य और संभावनाए बताई, उद्यमी रवि कालरा ने स्किल डवलपमेंट पर काम करने, अग्रणी बैंक प्रबंधक अशोक कुमार पांडेय ने बैंकिंग योजनाओं, साइबर फ्रॉड, डिजिटल अवेयरनेस की जानकारी दी ।एम.एल.वी टेक्सटाइल कालेज के प्रोफेसर डां. हर्षवर्धन ने इनोवेशन, रिसर्च एवं कॉलेज की भूमिका के बारे में अवगत कराया।

इस दौरान एमएलवी टेक्सटाइल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। पैनलिस्ट्स द्वारा टेक्सटाइल उद्योग, निवेश संभावनाएँ, रोजगार सृजन, कौशल विकास, नवाचार एवं औद्योगिक चुनौतियों पर सार्थक चर्चा की। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का विशेषज्ञों ने व्यवहारिक एवं प्रेरणादायी उत्तर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को औद्योगिक अवसरों से अवगत कराना तथा शिक्षा एवं उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करना रहा। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, पैनलिस्ट्स, प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। 23 जनवरी को मांगिणयार लोक कलाकार खेता खान का सांय 6.00 बजे से शानदार कार्यक्रम नगर पालिका मांडलगढ़ द्वारा किया जायेगा, अधिक से अधिक भीलवाड़ा निवासी भाग लेकर लाभ उठाएं।

---

# सरकारी नाड़ी पर अवैध कब्जा, बाड़े व पक्के मकान, पटवारी की रोक के बावजूद निर्माण जारी

स्मार्ट हलचल



**मंगरोप।** हमीरगढ़ तहसील क्षेत्र के मंगरोप की झोपड़ियां गांव में स्थित सरकारी नाड़ी पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है।ग्रामीणों का आरोप है कि नाड़ी की भूमि पर कुछ लोगों ने तारबंदी कर बाड़े बना लिए हैं,वहीं कई स्थानों पर पक्के निर्माण कर करीब एक दर्जन से अधिक मकान खड़े कर दिए गए हैं।इस संबंध में ग्रामीणों ने विगत 15 जनवरी बुधवार को हमीरगढ़ तहसीलदार भंवरलाल सेन को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग की थी।ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए सोमवार को मंगरोप हल्का पटवारी चन्द्रप्रकाश प्रजापत मय टीम मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया।जांच के दौरान मौके पर चल रहे अवैध निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाया गया।हल्का पटवारी चन्द्रप्रकाश प्रजापत ने बताया कि मौके की स्थिति का अवलोकन कर नियमानुसार '91 की रिपोर्ट' तैयार कर तहसील कार्यालय भिजवा दी गई है।रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तहसील स्तर से की जाएगी।वहीं,नाड़ी पर बसे लोगों का कहना है कि उन्होंने संबंधित प्लॉट विधिवत खरीदे हैं और उनके पास पंचायत द्वारा बनाए गए वैध कागजात भी मौजूद हैं।दूसरी ओर,अन्य ग्रामीणों का कहना है कि यह नाड़ी रियासत काल से ही गांव में मौजूद रही है।उस समय नाड़ी के आसपास स्थित चारागाह भूमि पर मवेशियों का विचरण होता था और यही नाड़ी पशुओं के लिए पानी का एकमात्र प्रमुख स्रोत थी।ग्रामीणों के अनुसार करीब 10 वर्ष पूर्व तक भी मवेशी चरागाह में चरने के बाद यहीं आकर प्यास बुझाते थे।ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही कुछ राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लोगों ने धीरे-धीरे इस नाड़ी पर कब्जा कर लिया और समय के साथ यहां पक्के निर्माण कर मकान व बाड़े बना दिए गए।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पटवारी द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य बंद करने की चेतावनी दिए जाने के बावजूद भी निर्माण कार्य जारी है।इससे प्रशासनिक कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन इस मामले में सख्त संज्ञान लेकर नाड़ी व चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए,ताकि सार्वजनिक जलस्रोत और पशुओं के अधिकारों की रक्षा हो सके।

---

# कुम्हारीया में लापता युवक का शव अपने ही खेत में लटका मिला

## 8-10 दिन पुराना बताया

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** थाना क्षेत्र के कुम्हारीया गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई।



कुम्हारीया गांव निवासी रतन लाल(36) पुत्र उदयलाल गुर्जर ने अपने खेत की मेढ़ पर स्थित एक पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।रतन लाल बीते 9 जनवरी से लापता था,जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों द्वारा मंगरोप थाने में दर्ज करवाई गई थी।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 10 बजे रतन के पिता उदयलाल खेत में फसल की रखवाली के लिए पहुंचे।खेत में पहुंचते ही उन्हें तेज दुर्गंध महसूस हुई।आसपास तलाश करने पर झाड़ियों की ओट में एक पेड़ की डाल पर रतन का शव झूलता हुआ दिखाई दिया।यह दृश्य देखते ही पिता की चीख-पुकार मच गई।आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे और तुरंत मंगरोप थाना पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया।प्रारंभिक जांच के बाद शव को जिला चिकित्सालय भिजवाया गया,जहां चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम किया।चिकित्सकों के अनुसार शव करीब 8 से 10 दिन पुराना था।पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।मंगरोप थानाधिकारी विजय मीणा ने बताया कि मृतक रतन लाल 9 जनवरी से लापता था।परिजन उसकी तलाश में रोजाना खेतों व आसपास के क्षेत्रों में आते-जाते रहे, लेकिन शव झाड़ियों में छिपा होने के कारण उसका पता नहीं चल पाया।

अत्यधिक बदबू आने पर ही घटना का खुलासा हो सका।परिजनों ने बताया कि रतन की तलाश में परिवारजन रिश्तेदारों के साथ आसपास के गांवों व क्षेत्रों में लगातार खोजबीन कर रहे थे।फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही।

---

# राजस्थान, हरियाणा-दिल्ली में नकबजनी करने वाला सरगना सहित ईनामी दो गिरफ्तार

### महंगी बाइक पर हाइवे पर रैकी करते फिर कार के शीशे तोड़कर लूटते कीमती सामान

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

गुलाबपुरा थाना पुलिस ओर साइबर सैल ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अंतर्राजीय गैंग के सरगना सहित 15-15 हजार के दो ईनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है । बदमाशो ने राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली मे की गई करीब 50 वारदात कबूली है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा सम्पति संबंधी अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत् एएसपी राजेश आर्य शाहपुरा व जितेन्द्रसिह (आर.पी.एस) पुलिस उप अधीक्षक वृत गुलाबपुरा जिला भीलवाडा के निकटतम सुपरविजन मे थानाप्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में थाना गुलाबपुरा व साईबर टीम भीलवाडा ने संयुक्त रूप से कार्यवाही को अंजाम दिया ।

### 1500 किलोमीटर दूर से पकड़ा

मुखबीर व तकनीकी माध्यमों से करीब 1500 किलोमीटर तक आरोपियों का पीछा करते हुये नकबजनी की वारदातों मे लिप्त अन्तर्राज्यीय नकबजन गेंग के सदस्य 15000 रूपये के ईनामी अपराधी उपेन्द्र सांसी व विरेन्द्र उर्फ बलवान सुनार को गिरफ्तार किया जिनसे पूछताछ जारी है।

### यह है मामला

दिनांक 8.11.2025 को प्रार्थी ने थाना गुलाबपुरा पर रिपोर्टर दी और बताया की दिनांक 6.11.2025 को दोपहर करीब 1:15 बजे नेशनल हाईवे 48 पर सरेरी ग्राम के पास चैपाल दा ढाबा पर परिवार के साथ भोजन कर रहा था। उनकी गाडी पार्किंग मे खडी थी जिसमे रखे बैग मे 2,50,000 रूपये के सोने के जेवर, 6 कीमती घडियां व 20000 रूपये नकद रखे थे। उसी समय दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाईकिल लेकर होटल पर आये और पार्किंग मे खडी कार का शीशा तोडकर बेग मे रखे जेवरात, घडियां व नकद राशि चुराकर ले गये उसके बाद थाने में मामले दर्ज करवाया । पुलिस टीम ने जांच शुरू की ।

### वारदात का तरीका

आरोपी उपेन्द्र सांसी से पुछताछ से जानकारी मिली कि आरोपी अपने साथी पिन्टू सांसी पिता राकेश सांसी निवासी सोरखी जिला हांसी (हरियाणा) सहित दिल्ली से मंहगी बाईकों पर सवार होकर नेशनल हाईवे पर होटल ढाबों पर रैकी करते तथा कार चालक कारों को पार्किंग मे खडा कर खाना खाने के लिये जाते तो उस समय कार का शीशा तोडकर कीमती सामान चुराकर ले जाते। आरोपी दिल्ली से रवाना होने के समय से पुनः अपने ठिकाने पर पहूंचने तक मोबाईल का उपयोग नही करते है।

### 30 वारदात कबूली

आरोपी उपेन्द्र सांसी ने राजस्थान मे अलग अलग जिलों मे नेशनल हाईवे पर करीब 25 से 30 वारदात कारित करना स्वीकार किया। गिरफतारषुदा आरोपी से मामले में माल की बरामदगी के संबंध मे गहनता से पूछताछ जारी है।

### ये आरोपी हुए गिरफ्तार

उपेन्द्र पिता हरिकिशन सांसी उम्र 32 वर्ष निवासी घमतान साहिब थाना गढी जिला जिंद हरियाणा औरविरेन्द्र पिता ओमप्रकाश सुनार उम्र 44 वर्ष निवासी सिंगल पाना मुण्ढाल खुर्द थाना भिवानी सदर जिला भिवानी हरियाणा को गिरफ्तार किया।

---

# हमीरगढ़ में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन, कलश व राम शोभायात्रा निकली, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभावान हुए सम्मानित

स्मार्ट हलचल






**मंगरोप।** हमीरगढ़ कस्बे में सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं संतों के आशीर्वचन के साथ हुई।इसके पश्चात डीजे के साथ कलश यात्रा एवं विराट हिन्दू शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, बुजुर्ग एवं युवा शामिल हुए।कलश व राम शोभायात्रा का शुभारंभ काशी विश्वनाथ मंदिर तालाब की पाल से हुआ, जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए नरसिंह वाटिका में संपन्न हुई।शोभायात्रा के दौरान धार्मिक जयघोष, भजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।सम्मेलन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों एवं बालिकाओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।सुशीला आचार्य, सुनीता राज, नंदिनी एवं साक्षी ज्योति ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।इनमें गौ रक्षक कमांडो फोर्स टीम, बांसवाड़ा यूनिवर्सिटी से विशेष शिक्षा स्नातक में महामहिम राज्यपाल हरि भाऊ बागड़े द्वारा गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्रा सुमन सालवी, कुश्ती प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर कांस्य पदक विजेता छात्र दिव्यांश सिंह राव, पर्यावरण संरक्षक एवं पर्यावरण प्रेमी सत्यनारायण व्यास, चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाली लीला देवी सुथार, एमएलवी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर रोहित प्रजापत शामिल रहे।इसके अलावा कराटे प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर कांस्य पदक विजेता, संस्कृत अष्टाध्यायी सूत्र पाठ में 58.57 सेकंड में 75 सूत्रों का पाठ कर इंडिया रिकॉर्ड ऑफ बुक में नाम दर्ज कराने वाली छात्रा सीमा सालवी को भी सम्मानित किया गया।साथ ही कारसेवक महंत रामसागर दास महाराज, रमेश जोशी के मरणोपरांत उनके आश्रित परिजन विश्वनाथ जोशी, भगवतीलाल पुरोहित व दिवंगत सोहनलाल विजयवर्गीय के परिवारजनों साथ ही हमीरगढ़ के सर्व हृदय सम्राट दिवंगत बंशीलाल बेकारी के बेटे निरंजन जोशी को दुशाला ओढ़कर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।सम्मेलन में महाराज रामसागर दास ने सनातनी संस्कृति के वर्तमान परिदृश्य को लेकर विशेष प्रवचन दिए। जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक विनोद कुमार मेलाणा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महंत शिवराम दास, महाराज सत्यनारायण वैष्णव, केदार दास वैष्णव, महंत श्री जगेश्वर दास, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखा परिहार, आरएसएस राजस्थान पर्यावरण क्षेत्र के संयोजक विनोद मेलाणा, भगवतीलाल पुरोहित, महेश अग्रवाल, घिसूलाल, ओमप्रकाश घांवरी, विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष गिरिराज मुंदड़ा, अभिषेक व्यास, पुरुषोत्तम सोनी सहित बड़ी संख्या में कस्बेवासी उपस्थित रहे।आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, जागरूकता, धार्मिक संस्कार एवं सांस्कृतिक गौरव की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है।कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजकों ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया।

---

# राज्य सरकार ने आदेश जारी कर 41 जिलों के प्रभारी सचिव बदले

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** राज्य सरकार ने एक साथ सभी 41 जिलों के प्रभारी सचिव बदल दिए हैं। प्रशासनिक सुधार विभाग ने गुरुवार को नए सिरे से प्रभारी सचिवों की नियुक्ति के आदेश जारी किए। इससे पहले 28 फरवरी 2024 को प्रभारी सचिवों में बदलाव किया गया था। इसके बाद यह पहली बार है जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में जिलों के प्रभारी सचिव बदले गए हैं। इस फेरबदल में दो एपीओ चल रहे आईएएस अधिकारियों को भी प्रभारी सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। एपीओ पीसी किशन को दौसा और खजान सिंह को सलूंबर जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। पोस्टिंग से पहले एपीओ अधिकारियों को जिले की जिम्मेदारी सौंपे जाने यह मामला चर्चाओं में है, क्योंकि प्रक्रियागत रूप से सरकार पहले आईएएस को पोस्टिंग देती है और उसके बाद इस तरह की दूसरी जिम्मेदारियां दी जाती है। इसके साथ ही संभागीय आयुक्तों को भी जिलों के प्रभारी सचिव का दायित्व सौंपा गया है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव गायत्री ए. राठौड़ को जयपुर और महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव भवानी सिंह देथा को जोधपुर का प्रभारी सचिव बनाया गया है। खनन विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत को उदयपुर, खेल एवं युवा मामलों के सचिव नीरज के. पवन को अजमेर, सहकारिता रजिस्ट्रार आनंदी को भरतपुर और यूडीएच के प्रमुख सचिव देवाशीष पृष्टि को बीकानेर का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है।

भीलवाड़ा - मंजू राजपाल, प्रमुख सचिव, कृषि और उद्यानिकी विभाग

बीकानेर - देवाशीष पृष्टि डॉ. वैभव गालिया, प्रमुख सचिव, नगरीय विकास और आवासन विभाग

बूंदी - रुक्मिणी रियार, आयुक्त, पर्यटन विभाग

चित्तौड़गढ़ - वी. सरवण कुमार, सचिव और आयुक्त, विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग, जयपुर

# बेटियों के हक के लिए 'लाडो' की माँ की बड़ी जीत

## जिला कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए जांच के आदेश

स्मार्ट हलचल|शाहपुरा/भीलवाड़ा

प्रदेश की लाखों बालिकाओं के भविष्य से जुड़ी 'लाडो प्रोत्साहन योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शाहपुरा की जागरूक माता प्रियंका गोस्वामी के संघर्ष को बड़ी सफलता मिली है। जिला कलेक्टर भीलवाड़ा ने प्रियंका गोस्वामी के प्रार्थना पत्र पर कड़ा संज्ञान लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग को इस पूरे प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच और तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं।

### क्या है मामला?

प्रियंका गोस्वामी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर योजना के नियम 4.1 की याद दिलाई थी, जिसके अनुसार बालिका के जन्म पर ही 1.50 लाख की राशि का 'भौतिक संकल्प पत्र' दिया जाना अनिवार्य है। प्रियंका का तर्क है कि डिजिटल पोर्टल के अलावा हाथ में सरकारी गारंटी का कागज (संकल्प पत्र) होने पर ही गरीब माता-पिता अपनी बेटी को स्नातक तक पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

कलेक्टर कार्यालय की बड़ी कार्यवाही। प्रियंका गोस्वामी द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए, जिला कलेक्टर कार्यालय के विकास अनुभाग ने उप निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, भीलवाड़ा को आदेश (क्रमांक 44035) जारी किए हैं। आदेश के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं:



### संपूर्ण राजस्थान की बेटियों के लिए संघर्ष

प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि यह लड़ाई केवल उनकी पुत्री गुंजन के लिए नहीं, बल्कि राजस्थान की हर उस बेटी के लिए है जो इस योजना की पात्र है। उनकी जागरूकता के कारण ही पूर्व में सरकार ने पोर्टल पर सुधार कर राशि को 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख किया था। अब कलेक्टर के इन आदेशों के बाद यह उम्मीद जगी है कि पूरे प्रदेश में भौतिक संकल्प पत्र बांटने की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से शुरू होगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग इस मामले में तुरंत एक जांच अधिकारी नियुक्त करेगा।

योजना के तहत भौतिक संकल्प पत्र के वितरण और नियम 4.1 की पालना के संबंध में एक तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

विभाग को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि इस संबंध में लाभार्थी प्रियंका गोस्वामी से संपर्क कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# काछोला शहर व्हाट्सएप ग्रुप ने 20 लीटर के 10 केम्पर भेंट किये



स्मार्ट हलचल|काछोला

कस्बे में काछोला शहर व्हाट्सअप भामाशाह ग्रुप द्वारा महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में बच्चो को शुद्ध व ताजा पानी पीने के लिए 20 लीटर के दस केम्पर व भील बस्ती प्राथमिक विद्यालय दो केम्पर भेंट किये।इससे पूर्व भी ग्रुप द्वारा 10 हाई रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे।यह जनकारी ग्रुप के मुरली मूंदड़ा ने दी।

इस अवसर पर महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल काछोला की प्रधानाचार्य सोनिया स्वर्णकार, राजेंद्र आचार्य, कैलाश रैगर बृजराज सिंह सोलंकी,, सम्पत सिंह सोलंकी, डॉ कैलाश चन्द्र वैष्णव, अशोक काबरा, संजय कुमार पारीक, नरेश पारीक, रामचन्द्र तिवाड़ी, विनय डागा, राजू मालू, मुरली मनोहर मूंदड़ा, अक्षत जागेटिया उपस्थित थे।

# कुर्सी हिली, सियासत गरमाई! कार्यकाल अधूरा, फिर भी उप महापौर की कुर्सी चर्चा में

## निगम में अंदरखाने उठापटक, रामलाल योगी की कुर्सी पर सवालों की आहट—ईमानदारी से लड़ाई बनी खटक?

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

भीलवाड़ा नगर निगम में इन दिनों विकास नहीं, बल्कि कुर्सी और सियासत की जंग सबसे बड़ा मुद्दा बन गई है। उप महापौर रामलाल योगी का कार्यकाल अभी पूरा भी नहीं हुआ, लेकिन उनकी कुर्सी को लेकर मची सरगर्मी ने निगम की राजनीति में भूचाल ला दिया है।

निगम के भीतर उठते सवाल सिर्फ कुर्सी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसके पीछे ईमानदारी बनाम भ्रष्टाचार की टकराहट की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। कहा जा रहा है कि उप महापौर द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनाया गया सख्त रुख और साफ छवि ही कहीं न कहीं कुछ लोगों को खटकने लगी है?

नगर निगम के गलियारों में फाइलें कम और फुसफुसाहटें ज्यादा हैं। सवाल यह उठ रहा है–

क्या ईमानदारी से काम करना अब कुर्सी के



लिए खतरा बन गया है?

क्या भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की कीमत सियासी अस्थिरता के रूप में चुकानी पड़ रही है?

कुर्सी, जो सेवा और जिम्मेदारी का प्रतीक होनी चाहिए, आज सत्ता संघर्ष का अखाड़ा बन चुकी है। शहर की बुनियादी समस्याएं–सफाई, सड़क, अतिक्रमण और ट्रैफिक–हाशिए पर हैं, जबकि पूरा जोर इस बात पर है कि कुर्सी किसके हाथ में रहेगी?

सूत्रों की मानें तो निगम के भीतर कुछ गुट पहले से ही समीकरण बदलने की तैयारी में जुटे हैं। यही वजह है कि अधूरे कार्यकाल के बावजूद कुर्सी को लेकर हलचल तेज कर दी गई है। ऐसे में शहर में यह सवाल तैर रहा है–

क्या यह उठापटक सत्ता की भूख है या ईमानदार कार्यशैली से उपजा असंतोष?

जनता साफ शब्दों में पूछ रही है– नगर निगम में ईमानदारी की कीमत क्या कुर्सी से चुकानी पड़ेगी?

फिलहाल उप महापौर की कुर्सी कायम है, लेकिन सियासत का संकेत साफ है,यह लड़ाई सिर्फ कुर्सी की नहीं, नीयत और नीति की भी है।

# मरुधरा माहेश्वरी संस्थान ने श्री कृष्ण गौ सेवा उपचार केंद्र पर की गौ सेवा, मनाया मकर संक्रांति पर्व

## सदस्यों ने गौ सेवा और पारंपरिक खेलों के माध्यम से दिया भारतीय संस्कृति का संदेश

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** मरुधरा माहेश्वरी संस्थान द्वारा मकर संक्रांति का पावन पर्व हरनी महादेव रोड स्थित श्री कृष्ण गौ सेवा उपचार केंद्र पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के सदस्यों ने गौ सेवा और पारंपरिक खेलों के माध्यम से भारतीय संस्कृति का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ माता के पूजन और आरती के साथ हुआ। सेवा भाव के साथ गायों को लापसी एवं हरा चारा खिलाया गया। संस्थान के अध्यक्ष दिनेश राठी ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर गौ सेवा का विशेष महत्व है, इसी उद्देश्य से उपचार केंद्र पर यह आयोजन रखा गया। आधुनिकता के दौर में लुप्त हो रहे पारंपरिक खेलों को जीवंत करने के लिए यहाँ सितोलिया, गिल्ली-डंडा और पतंगबाजी की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्थान के सदस्यों ने इन खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और त्योहार



का आनंद उठाया। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद दमानी, कैलाश तापड़िया, रतन लाल बाहेती, श्री वल्लभ चांडक, पुरुषोत्तम राठी, राजेंद्र दमानी, मधुसूदन डागा, शिवरतन भटड, राकेश काबरा, मनोज नव्हाल, अनिल मूंदड़ा, नवीन काकानी और महादेव बाहेती, गौ सेवा प्रकल्प प्रभारी राजेश बाहेती संस्थान के वरिष्ठ सदस्य एवं पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जिम्मा संभाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा मंच अध्यक्ष मनीष बजाज, मंत्री हर्ष राठी, महिला मंडल अध्यक्ष मनीषा झंवर और मंत्री इशिता झंवर का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के मंत्री नारायण बाहेती ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# डाबी चारभुजा जी महाराज मंदिर पर बसंत पंचमी पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल|बिजौलिया

श्री वैश्य चित्तौड़ा महासभा संस्था, राजस्थान द्वारा प्रतिवर्ष डाबी चारभुजा मंदिर पर बसंत पंचमी के पावन पर्व पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी बसंत पंचमी के दिन प्रातःकाल ठाकुर जी का श्रृंगार किया जाएगा, उसके बाद भव्य कलश यात्रा का आयोजन विभिन्न मार्गो से होते हुए चारभुजा मंदिर डाबी पहुंचेगी उसके बाद महाआरती फिर महापप्रसादी का आयोजन होगा । राजस्थान से गणमान्य समाज बंधु आएगे । महासभा संस्था के अध्यक्ष मुकेश चित्तौडा(नापायत) महासचिव मथुरेश चित्तौडा (पटपडा वाला)कोटा एंव कोषाध्यक्ष योगेश चित्तौड़ा (नमाना) पदाधिकारीगण कार्यक्रम मे शिरकत करेगे ।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आज ही चित्तौड़ा समाज के महासभा के संस्था के पदाधिकारी आज ही चारभुजा मंदिर डाबी पहुंच गए हैं और कल के कार्यक्रम का जायजा लिया जा रहा है।

# खीर प्रसाद का वितरण किया

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

पावन तीर्थ अयोध्या नगरी में प्रभु श्री राम के नूतन मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर सब्जी मंडी चौराहा चन्द्र शहर आजाद नगर में 251 किलो खीर प्रभु के भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया गया । हनुमान धाम के महंत श्री रामदास जी रामायणी जी के सानिध्य में एवं पंडित अशोक शर्मा पार्षद के विशिष्ट आथित्य में भगवान श्री राम के जयकारे के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया कि इस पावन अवसर पर महाराज श्री बताया कि प्रभु के आशीर्वाद से मनुष्य जीवन मिला है सदैव प्रभु का स्मरण करना चाहिए मनुष्य जीवन में प्रभु श्री राम के गुणगान से ही मनुष्य जीवन सार्थक होता है उपरोक्त कार्यक्रम में विक्रम सिंह राठौड़, हेमेंद्र



बसीटा, चंदू डीजे, राजेश कौशिक, अंकुर व्यास, प्रवीण भारद्वाज, संदीप जागड़ा, जितेंद्र, सत्यनारायण शर्मा, दीपक शर्मा, राजकुमार साहू, राजकुमार पारीक, मनीष पारीक, दिनेश गोड़, रवि सेन विजय सेन, गोविंद खटीक, भूपेंद्र पीपावत, अभिषेक आर्य, सौरभ जैन, इन्द्र सिंह राठौड़, पूनम, राजेश जीनगर, अरुण यादव, सहित कई धर्म प्रेमी उपस्थित थे समापन के अवसर पर विक्रम सिंह राठौड़ ने सभी का आभार जताया।

# सरिता स्वर्णकार राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता की प्रदेश सचिव नियुक्त

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट संतोष कुमार शर्मा व राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय ने जिला अभिभाषक संस्था भीलवाड़ा



की सदस्य सरिता स्वर्णकार को राजस्थान प्रदेश सचिव युवा महिला प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया। सरिता स्वर्णकार को राजस्थान प्रदेश सचिव नियुक्त करने पर अधिवक्ताओ मे खुशी की लहर है। सरिता स्वर्णकार का अधिवक्ताओ ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान पीरू सिंह गौड़, सूर्यप्रकाश सरगरा, अनिल कुमार पारीक, बालूलाल उपाध्याय, नवनीत कुमावत, सुधीर डांगी, नवीन चेचाणी, सुरेश बिड़ला, अनीता व्यास, किरण सोनी, ममता दाधीच, आरती कुमावत, संध्या चतुर्वेदी, सीमा अहीर शिप्रा, पल्लवी, ममता लक्षकार सहित कई अधिवक्ताओ ने बधाई दी।

# वन्दे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न आयोजन



स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

प्रभारी राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय लापिया डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि उपखंड अधिकारी बनेड़ा श्रीकान्त व्यास और उप निदेशक आयुर्वेद विभाग भीलवाड़ा डॉ महाराज सिंह के नेतृत्व में राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय सरदार नगर, राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय मुंशी और राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय लापिया में वन्दे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न प्रकार के आयोजन किए गए।राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय लापिया में आयुर्वेद नर्स रिंकू कुमारी मीणा और एएनम पिंकी वैष्णव ने जरा अवस्था जनित बीमारियो एवं गर्भवती और धात्री महिलाओं के स्वास्थ की जांच की और आयुर्वेदिक दवाई वितरित की। योग प्रशिक्षक कमलेश कुमार सैन और दरियाव खटीक ने क्वाथ वितरण का आयोजन किया और वंदे मातरम की रंगोली बना कर राष्ट्रीय गीत गाया। राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय सरदार नगर में आयुर्वेद नर्स माधुरी मीणा, योग प्रशिक्षक कुलदीप सिंह राठौड़ और ममता जाट ने वंदे मातरम की रंगोली बना कर राष्ट्रीय गीत का आयोजन किया। राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय मुंशी में योग प्रशिक्षक रोशन व्यास ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुंशी में विद्यार्थियों सहित वंदे मातरम। राष्ट्रीय गीत गाया।

# थानाधिकारी ने जैविक कृषि फार्म व सार्वजनिक पार्क का किया अवलोकन



स्मार्ट हलचल

**मोड़ का निंबाहेड़ा।** आसींद क्षेत्र के बराना गांव में स्थित जैविक कृषि फार्म पर आसींद थाना अधिकारी श्रद्धा पचोरी सहित पुलिस प्रशासन के जवानों ने अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने फार्म की व्यवस्थाओं को नजदीक से देखा और जैविक खेती की कार्यप्रणाली को समझा। थानाधिकारी ने बराना गांव में बनाए जा रहे सार्वजनिक पार्क का भी निरीक्षण किया। यहां फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पेड़-पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला। जैविक कृषि फार्म पर पहुंचकर उन्होंने पॉली हाउस, वर्मी कम्पोस्ट, सौर ऊर्जा सिस्टम एवं फार्म पॉण्ड की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के कार्यकारिणी सदस्य विष्णु पारीक, सरपंच सुखदेव भील ,उप सरपंच संगीता पारीक, श्रवण बिश्नोई सहित कई ग्रामीण व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जन चेतना जन अधिकार संस्था ने खोला बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर मोर्चा, सौंपा ज्ञापन

## संस्था ने की भीलवाड़ा शहर के प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाने की मांग, प्रशासन को सौंपी सर्वाधिक परेशानी वाले हॉटस्पॉट्स की सूची

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर के प्रमुख मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण और अवैध निर्माण के कारण बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर जन चेतना जन अधिकार संस्था ने मोर्चा खोल दिया है। संस्था अध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर शहर के 9 प्रमुख क्षेत्रों से तुरंत अतिक्रमण हटाने और यातायात सुगम बनाने की मांग की है। संस्था सचिव ईश्वर खोईवाल ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को शहर के उन हॉटस्पॉट्स की सूची सौंपी है जहाँ जनता को सर्वाधिक परेशानी हो रही है जिनमें जिलाधीश



कार्यालय से कोर्ट, गोल प्याऊ और स्टेशन चौराहा मार्ग, कृषि उपज मंडी चौराहा से सांगानेरी गेट व रामस्नेही चौराहा, अजमेर चौराहा से सुखाडिया सर्कल, गांधीनगर चौराहा से बिलिया, रीको मार्ग, गोल प्याऊ से भीमगंज थाना मार्ग, महात्मा गांधी अस्पताल के आस-पास का क्षेत्र, विश्राम गृह (सर्किट हाउस) से बीएनएसएल अशोक लिलेन्ड चौराहा, यातायात थाने से आजादनगर जाने वाला मार्ग, अहिंसा सर्किल, तिलक नगर शामिल है। संस्था के अध्यक्ष महेश सोनी ने बताया कि इन मार्गों पर शहर के आम नागरिकों का भारी आवागमन रहता है। यहाँ स्थाई रूप से जम चुके ठेले, अवैध केबिन और पक्के अवैध निर्माणों के कारण आए दिन घंटों जाम लगा रहता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इन क्षेत्रों को सुव्यवस्थित करने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। संस्था ने स्पष्ट किया है कि वे जनता के अधिकारों के लिए सदैव तत्पर हैं और जनहित के कार्यों में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान मोहसिन अली मंसूरी, रामगोपाल पुरोहित, दुर्गेश शर्मा, फारूक मंसूरी और हरफूल जाट सहित संस्था के कई सदस्य उपस्थित रहे।

# नाबालिग की बरामदगी को लेकर हाईकोर्ट सख्त, 3 फरवरी से पहले पेश करने के आदेश

## पुलिस की लापरवाही से परेशान पिता ने खटखटाया न्यायालय का दरवाजा, हैबियस कॉर्पस पर सुनवाई

स्मार्ट हलचल |भीलवाड़ा

नाबालिग बेटी के लापता होने के मामले में पुलिस की उदासीनता से आहत एक पीड़ित पिता को आखिरकार राजस्थान उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। मामले में जोधपुर हाईकोर्ट की डबल बेंच ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नाबालिग लड़की को 3 तारीख से पहले कोर्ट में उपस्थित किया जाए। पीड़ित पिता ने बताया कि उन्होंने 26 अक्टूबर 2025 को रायला थाने में अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने गंभीरता से कार्रवाई करने के बजाय उन्हें लगातार थाने और दफ्तरों के चक्कर कटवाए। न तो बच्ची की प्रभावी तलाश की गई और न ही कोई ठोस प्रगति दिखाई दी।

न्याय न मिलने से हताश पिता ने इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम भी पत्र भेजकर मदद की गुहार लगाई, लेकिन कहीं से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

आखिरकार हार मानने के बजाय पीड़ित पिता ने उच्च न्यायालय में हैबियस कॉर्पस याचिका दायर की।

### हाईकोर्ट में अधिवक्ताओं ने रखा पीड़ित पक्ष

मामले की सुनवाई के दौरान पीड़ित पक्ष की ओर से उच्च न्यायालय के अधिवक्ता भैरूलाल जाट एवं जितेंद्र सिंह गौड़ ने मजबूती से पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को अवगत कराया कि पुलिस की लापरवाही के कारण नाबालिग के जीवन और भविष्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। अब संबंधित पुलिस अधीक्षक को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।

# खजुरिया की महिलाओं की जीत, चंद्रभागा नदी में बजरी दोहन को लेकर धरना समाप्त

स्मार्ट हलचल|पोटलां

उपतहसील मुख्यालय से होकर बहने वाली चंद्रभागा नदी को बचाने के लिए चल रहा आंदोलन आखिरकार महिलाओं की जीत के साथ समाप्त हुआ। चंद्रभागा नदी में बजरी दोहन के विरोध में खजुरिया सहित आसपास के ग्रामीणों द्वारा पिछले एक माह से धरना प्रदर्शन किया जा रहा था, जिसे प्रशासन के दबाव में ग्रामीणों ने समाप्त कर दिया था। इसके बाद करीब दस दिन पूर्व खजुरिया गांव की महिलाएं स्वयं आगे आईं और नदी के बीच बैठकर बजरी दोहन पर रोक की मांग को लेकर धरना शुरू किया। दस दिनों तक लगातार धरना चलता रहा। इस दौरान कई बार प्रशासन और महिलाओं के बीच वार्ताएं हुईं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। महिलाओं की स्पष्ट मांग थी कि ठेकेदार खजुरिया बावजी की सीमा क्षेत्र को छोड़कर अन्य स्थानों पर बजरी दोहन करे, उन्हें उससे कोई आपत्ति नहीं है। इसी मांग पर महिलाएं अड़ी रहीं और वार्ताएं बार-बार असफल होती रहीं। अवलोकन बुधवार दोपहर लीज कंपनी के मैनेजर गौतम सिंह और ठेकेदार सत्तू



शर्मा मौके पर पहुंचे और धरना दे रही महिलाओं से सीधी वार्ता की। महिलाओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि जहां वे धरना दे रही हैं, वहां से मेड बंदी कर दी जाए और खजुरिया बावजी की सीमा क्षेत्र में बजरी दोहन बंद किया जाए, तो वे धरना समाप्त कर देंगी। वार्ता के दौरान ठेकेदार और कंपनी मैनेजर ने महिलाओं की सभी शर्तें स्वीकार कर लीं। इसके बाद महिलाओं ने खजुरिया श्याम के जयकारे लगाते हुए अपना धरना समाप्त किया। इस अवसर पर लीज कंपनी के मैनेजर गौतम सिंह ने बताया कि कंपनी सरकार से लीज लेकर बजरी दोहन कर रही थी, लेकिन ग्रामीणों और महिलाओं की भावनाओं को देखते हुए आपसी सहमति से समाधान निकाला गया है। उन्होंने बताया कि जहां महिलाएं धरना दे रही थीं, वहां से मेड बंदी कर दी जाएगी और खजुरिया बावजी की सीमा क्षेत्र में बजरी दोहन नहीं किया जाएगा। लीज क्षेत्र के अन्य हिस्सों में कंपनी द्वारा बजरी दोहन पूर्ववत जारी रहेगा। कंपनी की ओर से ग्रामीणों को सभी शर्तों को लेकर लिखित पत्र भी दिया गया है। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया है कि पूर्व में महिलाओं के खिलाफ धारा 132 के तहत कार्रवाई को लेकर उपखंड अधिकारी को दिया गया ज्ञापन वापस लिया जाएगा और महिलाओं के खिलाफ किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। इस प्रकार आपसी समझौते के साथ चंद्रभागा नदी को लेकर चला आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ।

## भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने ग्रहण किया पदभार, भीलवाड़ा से सैंकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे

# सर्व समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करे मोर्चा: मदन राठौड़

## संगठन के कार्यकर्ता हर वर्ग को राहत पहुंचाने का कार्य करेंगे-डॉ किरोडीलाल मीणा

### मीणा सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाले नेता, नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी – मेवाड़ा

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा



भाजपा प्रदेश एसटी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने अयोध्या में भगवान रामलला की मूर्ति स्थापना के दिन भाजपा प्रदेश मुख्यालय जयपुर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने विधिवत रूप से गोपीचंद मीणा को पदभार ग्रहण करवाया। समारोह में भीलवाड़ा से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में पूर्व विधायक विठ्ठल शंकर अवस्थी, विधायक जब्बर सिंह सांखला, उदयलाल भड़ाना, लालाराम बैरवा, गोपाल खंडेलवाल, जिला महामंत्री कन्हैया लाल जाट, अविनाश जीनगर, करण सिंह बेलवा, किशोर शर्मा, विजेंद्र सिंह, बृजराज उपाध्याय, नगर पालिका जहाजपुर चेयरमैन नरेश मीणा सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि सभी कार्यकर्ता केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि जो समाज को तोडकर अपनी राजनीतिक रोटिया सेकना चाहते हैं उन्हें बेनकाब करना चाहिए। कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने कहा कि भाजपा जनजाति मोर्चा वर्षों से जनजाति समाज के अधिकारों, हितों, सामाजिक उन्नयन और राजनीतिक सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण एवं प्रभावी भूमिका निभा रहा है।

भाजपा भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने विधायक गोपीचंद मीणा को एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत करने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का आभार व्यक्त कर कहा कि इससे भीलवाड़ा जिले में भाजपा को मजबूती मिलेगी। मीणा सिर्फ एसटी समाज ही नहीं अपितु सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाले नेता है। एसटी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान राज्य के लाखों युवाओं के साथ धोखा किया गया। पेपरलीक माफिया ने युवाओं के सपने चकनाचूर कर दिए। अब भाजपा के दो साल के शासन में युवाओं को न्याय दिलाते हुए भर्ती परीक्षाओं के माध्यम से रोजगार के द्वार खुले हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आने वाले पंचायत चुनावों में कड़ी से कड़ी जोडते हुए ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी है। समारोह में भाग लेने के लिए राज्यभर से कार्यकर्ता जयपुर पहुंचे। इससे पूर्व एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा के काफिले का जयपुर में ही एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। समारोह के दौरान मंच पर मीणा को माला, साफा, बुके, शॉल पहनाने के लिए होड मच गई।बवहीं मेवाड अंचल से आए कार्यकर्ताओं ने तीर कमान, हल और पगडी पहनाकर उनका स्वागत किया। समारोह में महिलाओं की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## झांतल में नवसृजित ग्राम पंचायत कार्यालय का हुआ शुभारंभ



### विकास योजनाओं की दी जानकारी

स्मार्ट हलचल

**रायला।** झांतल।राज्य सरकार के आदेशानुसार नवसृजित ग्राम पंचायत झांतल के कार्यालय का शुभारंभ सामुदायिक भवन में किया गया। ग्राम पंचायत कार्यालय का उद्घाटन विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया द्वारा ग्रामवासियों की उपर्स्थिति में किया गया।

इस अवसर पर विकास अधिकारी परसोया ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामवासियों को उनके लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से वीबी जीरामजी योजना तथा ग्राम उत्थान शिविरों के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में वर्तमान प्रशासक श्यामलाल शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी कुणाल शर्मा, पूर्व सरपंच गोपाल सिंह, भंवर सिंह, भूतपूर्व सैनिक रामसिंह, कैलाश चंद्र जैन, बैरवा समाज अध्यक्ष (भीलवाड़ा) नंदलाल बैरवा, भारत सिंह, जीवन खाती, देवीलाल गुर्जर, रामदयाल बैरवा, गोपाल बैरवा, रतनलाल बैरवा, हेमेन्द्र सिंह, ज्ञान सिंह, मनजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने नए ग्राम पंचायत कार्यालय के गठन पर खुशी जताई और इसे गांव के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## 'श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ' के तहत कल निकलेगी जल कलश यात्रा

### बानोड़ा बालाजी के सानिध्य में चारभुजा नाथ की बारात (बेवान) का होगा आगमन; लक्ष्मीपुरा से जलीन्द्री तक उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

स्मार्ट हलचल|बिजौलिया

बिजौलिया तहसील के जलीन्द्री गाँव में स्थित श्री संकट मोचन हनुमान जी मंदिर में 'श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस महायज्ञ के उपलक्ष्य में शुक्रवार, 23 जनवरी को विशाल जल कलश यात्रा एवं श्री चारभुजा नाथ की बारात (बेवान) का ऐतिहासिक आगमन होगा।

### बानोड़ा बालाजी का मिलेगा सानिध्य

यह धार्मिक अनुष्ठान श्री श्री 1008 श्री बानोड़ा बालाजी के दिव्य आचार्यत्व और सानिध्य में संपन्न हो रहा है। महायज्ञ की तैयारियों को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है और मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है।

### दोपहर 12:15 बजे शुरू होगी यात्रा

आयोजन समिति के अनुसार, विशाल जल कलश यात्रा दिनांक 23 जनवरी 2026, शुक्रवार दोपहर 12:15 बजे श्री शिव मंदिर, लक्ष्मीपुरा से प्रारंभ होगी। यह यात्रा भक्तिमय माहौल में विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री संकट मोचन हनुमान जी मंदिर, जलीन्द्री पहुँचकर संपन्न होगी। आयोजन को लेकर श्री बानोड़ा बालाजी सेवा मण्डल और श्री संकट मोचन हनुमान जी सेवा समिति जलीन्द्री द्वारा सभी व्यवस्थाएँ पूर्ण कर ली गई है।

## नेताजी की जयंती की पूर्व संध्या पर निकला भव्य पथ संचलन, 400 विद्यार्थियों ने किया कदमताल

### आदर्श विद्या निकेतन का आयोजन; नेताजी और रानी लक्ष्मीबाई की झांकियां बनीं आकर्षण, घोष की धुन पर थिरका नगर

स्मार्ट हलचल|बीगोद

स्थानीय आदर्श विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय द्वारा गुरुवार (22 जनवरी) को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। केसरिया पताका फहराकर शुरू हुए इस संचलन में विद्यालय के 400 भैया-बहिनों ने पूर्ण गणवेश में कदम से कदम मिलाकर नगर में राष्ट्रभक्ति का माहौल बना दिया।

### 18 विद्यार्थियों के घोष ने बांधा समां

प्रचार प्रमुख अशोक कुमार पाराशर ने बताया कि संचलन प्रातः 11 बजे शुरू हुआ। इसमें 18 भैया-बहिनों के घोष (बैंड) दल ने अपनी लयबद्ध धुन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचलन के दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस और वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें देखने के लिए नगरवासी उमड़ पड़े।



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय अध्यक्ष भोपाल सिंह बापना, उपाध्यक्ष श्याम लाल खटीक, संघ के जिला प्रचारक केशव नारायण जी और भेरू लाल तेली की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पूरन मल बैरवा ने विद्यार्थियों में जोश भरते हुए कहा, 'हमें राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए किसी भी बाधा की परवाह किए बिना कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ना होगा।' संचलन में विद्यालय के सभी आचार्य और दीदी भी साथ रहे।

## मांडलगढ़ की सड़कों पर गूंजा 'कदम-कदम बढ़ाए जा'

### 400 विद्यार्थियों ने पथ संचलन कर दी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को सलामी

स्मार्ट हलचल|मांडलगढ़

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को मांडलगढ़ नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय के करीब 400 भैया-बहिनों ने पूर्ण गणवेश में भव्य पथ संचलन निकालकर अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर नन्हें कदम-ताल का स्वागत किया।



### घोष की धुन और अनुशासित कदम

विद्यालय के प्रधानाचार्य गणपत सिंह वर्मा ने बताया कि पथ संचलन प्रातः 11 बजे भक्त निवास से प्रारंभ हुआ।

घोष वाहिनी (बैंड) की लयबद्ध धुन पर कदम से कदम मिलाते हुए विद्यार्थी जब शहर की सड़कों से गुजरे, तो नजारा देखते ही बनता था। संचलन सार्वजनिक निर्माण विभाग की गली, खंडेलवाल मार्केट, स्टेच्यू सर्किल और बस स्टैंड होते हुए गांधी चौक की संकरी गलियों से गुजरा और पुनः विद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ।

### शहर ने पलक पावड़े बिछाए

संचलन के दौरान नगरवासियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों में भारी उत्साह देखा गया। जगह-जगह भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष के साथ विद्यार्थियों पर फूलों की बारिश की गई। कक्षा 6 से 10 तक के 400 विद्यार्थियों का अनुशासन देख शहरवासी अभिभूत हो गए।

## मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना का भुगतान नहीं मिलने पर प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल|शाहपुरा

नगर पालिका क्षेत्र में मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यरत महिलाओं को पिछले एक वर्ष से मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ, इसी समस्या को लेकर महिलाओं ने बड़ी संख्या में नगर पालिका कार्यालय के बाहर बैठकर धरना दिया। महिलाओं ने आरोप लगाया की लंबे समय से उन्हें मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि हमसे निरंतर काम लिया जा रहा है श्रमिक महिलाओं ने बकाया मजदूरी दिलाए जाने की मांग करते हुए पालिका कार्यालय के बाहर करीब 2 घंटे तक धरना दिया।उनका कहना है कि नियमित रूप से काम लेने के बावजूद उनको समय पर पूरी मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा। महिलाओं ने काम के बदले पूरा और उचित भुगतान दिलाए जाने की भी मांग की।

धरनास्थल पर मौजूद महिलाओं ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए नारेबाजी भी करी ओर कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और आगामी निकाय चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया जाएगा।

धरनास्थल पर पहुंचे नगर पालिका पार्षद डॉ. इशाक खान ने कहा कि एक साल से नरेगा श्रमिकों को भुगतान नहीं हुआ ये गरीब महिलाएं अपना घर कैसे चलाएंगी। पार्षद ने मांग करी कि जल्द ही प्रशासन को इस समस्या का समाधान कर इनकी मजदूरी का पूरा भुगतान करना चाहिए।

## क्षत्रिय कुमावत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आगाज



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** क्षत्रिय कुमावत समाज विकास समिति शाहपुरा द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन भामाशाह व प्रतिभा सम्मान समारोह 23 जनवरी को होगा समिति अध्यक्ष भंवरलाल धमाणिया ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन में तुलसी विवाह व 33 कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया जायेगा। 111 कलशों की धुमधाम से कलशयात्रा निकाली गई साथ ही थाम स्थापना भी की गई एवं सभी वधू पक्ष ने भात पहरावणी की रश्म निभायी जिसमें हजारों समाज के महिला पुरूषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया साथ ही कल 23 जनवरी को तुलसी विवाह व 33 कन्याओं का विवाह सम्पन्न होगा।आयोजन के विशिष्ट भामाशाहों का भी सम्मान किया जायेगा और वर्ष 2024-25 की विशेष प्रतिभाओं का भी मंच द्वारा सम्मान किया जायेगा मिडिया प्रभारी डॉ ओमप्रकाश मांडेला ने जानकारी दी कि समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि जोराराम कुमावत केबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार, रामेश्वर बम्बोरिया राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा, डॉ महेंद्र कुमावत प्रदेशाध्यक्ष ओ बी सी मोर्चा भाजपा , मुकेश वर्मा पूर्व अध्यक्ष शिल्प कला बोर्ड एवं अन्य स्थानीय गणमान्य जनप्रतिनिधि भी अतिथि होंगे संयोजक शिवराज ओस्तवाल ने बताया कि कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा सुबह 6.00 बजे बारात आगमन महाविद्यालय मैदान में , अगवानी 7.00 बजे ,निकासी 8.15 बजे , तोरण 9.15 बजे कुमावत छात्रावास, पाणिग्रहण संस्कार 10.15 बजे वैवाहिक स्थल पर होंगे ,साथ ही छात्रावास में नवनिर्मित 5 कमरों का लोकार्पण भी किया जायेगा,उसके बाद मालिनी वाटिका में अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे शाम को 4.15 बारात को विदाई कार्यक्रम होगा।

## अयोध्या राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के तीन वर्ष पूर्ण होने पर हलवे का वितरण

### लगातार 3 वर्षो से प्रसाद वितरण का सफल आयोजन

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

भीलवाड़ा शहर के आर के कॉलोनी क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होने पर राम भक्त मंडल द्वारा 511 किलो गाजर के हलवे का वितरण किया गया। सेवक कपिल जैन ने बताया कि अयोध्या में जो प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव हुआ था उसी को यादगार बनाते हुए आर. के. कॉलोनी के शिव शॉई मंदिर के बाहर क्षेत्र के भक्तों के द्वारा हर वर्ष प्रसाद वितरण का आयोजन रखा जाता है । इस सफल आयोजन के पीछे मुख्य रूप से धन सिंह चौहान, प्रेमजी भांबी, पवन जी शर्मा, शक्ति सिंह, दिलीप गुर्जर, कपिल जैन, योगेंद्र शर्मा, श्रीनिवास चौधरी, सुरेश टेलर, कांजी, मोनू सकरानी, राजू जूस, राजू, गिरीश, कमल, गोपाल रेगर एवं शंकर शाहू हलवाई का निस्वार्थ विशेष सहयोग रहा।

## एनएचएआई लाम्बियाकला टोल प्लाजा (एनएच-48) पर रक्तदान शिविर आयोजित



स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा जिलेभर में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एनएचएआई के लांबिया कला टोल प्लाजा (एनएच-48) पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर लांबिया कला टोल प्लाजा के जनरल मैनेजर श्री सुरेश राजगुरु, डीजीएम श्री विश्वासराव सत्रे, इंसीडेंट मैनेजर श्री रिधकरण सहित टोल प्लाजा के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान में भाग लिया। रक्तदान शिविर में कोटड़ी श्याम ब्लड सेंटर का सहयोग प्राप्त हुआ, जिनकी टीम द्वारा रक्त संग्रह की प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। लांबिया कला टोल प्लाजा के जनरल मैनेजर श्री सुरेश राजगुरु ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत उदयपुर परियोजना निदेशक श्री अनिल चौधरी के निर्देशानुसार यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में टोल प्लाजा के अधिकारी एवं कर्मचारी बढ़-चढ़कर रक्तदान कर रहे हैं तथा आज के शिविर में 100 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# बाणमाता शक्तिपीठ: 251 कलश और 151 गांवों की प्रभात फेरियों के संगम से गूंजी भागवत कथा, रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर भव्य आगाज

### मेनाली नदी से निकली शाही शोभायात्रा; प्रेमनारायण महाराज बोले- 'मैं और मेरा' का भाव त्यागकर परमात्मा को समर्पित हों, तभी जीवन आनंदमय होगा

स्मार्ट हलचल |मांडलगढ़

सुप्रसिद्ध श्री बाणमाता शक्तिपीठ पर गुरुवार को धर्म और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। अयोध्या में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यहाँ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि मेनाली नदी का तट जयकारों से गूंज उठा।

### शाही लवाजमे के साथ नगर भ्रमण

समारोह का आगाज मेनाली नदी से 251 कलशों की भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। पंडित सावरमल शर्मा और बनवारी शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना के बाद यात्रा रवाना हुई। सजे-धजे घोड़े, रथ और बैंड-बाजों के साथ निकली इस यात्रा में 151 गांवों से आई प्रभात फेरियों का अद्भुत संगम हुआ। यात्रा मेला ग्राउंड होते हुए कथा स्थल पहुंची, जहाँ पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। मुख्य यजमान नंदकिशोर सनाढ्य, सीताराम शर्मा और श्यामलाल धाकड़ ने व्यास पीठ का पूजन किया।



### 84 के फेरे से मुक्ति केवल हरि नाम में

कथा के प्रथम दिन व्यास पीठ से पंडित प्रेमनारायण महाराज (गेंहूखेड़ी) ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन 84 लाख योनियों में भटकने के बाद मिलता है। इसे मन और तन के भोगों में व्यर्थ न गंवाएं। उन्होंने कहा, 'संसार के मोह से मुक्ति पाने के लिए भक्ति अनिवार्य है। जब आप भगवान को अपना मान लेंगे और हर कर्म उन्हें समर्पित कर देंगे, तो जीवन आनंदमय हो जाएगा। केवल प्रभु ही इस भवसागर से नैया पार लगा सकते हैं। '

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बाणमाता शक्तिपीठ अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, महामंत्री अमित जोशी, उपाध्यक्ष अमरनाथ योगी, लादू गुर्जर, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल धाकड़, शंभू सिंह शक्तावत, भगवत सिंह, व्यवस्थापक नरेश धाकड़, अशोक जीनगर, सत्यनारायण सुथार, छीतर लाल सुथार, हीरा धाकड़, प्रदीप पोरवाल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालु उपस्थित थे। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक होगी।

## शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) सहित ग्रामवासियों ने प्रियंका गाडरी का किया अभिनंदन

### खिलाड़ी गाडरी के प्रयासों से खो खो में राजस्थान की टीम राष्ट्रीय स्तर पर विजेता रही



स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गाडरी खेड़ा ग्राम पंचायत थला की छात्रा प्रियंका गाडरी के 69 वीं राष्ट्रीय (14 वर्षीय छात्रा वर्ग) खो खो प्रतियोगिता में राजस्थान का नेतृत्व करने के बाद पुनः ग्राम लौटने पर समस्त ग्रामवासियों एवं विद्यालय परिवार ने साफा एवं माला पहनाकर खिलाड़ी छात्रा का अभिनंदन किया। राजस्थान की टीम इस छात्रा के प्रयास से विजेता रही। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने छात्रा गाडरी की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

# बांदनवाड़ा में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन, त्रिवेणी संगम जल कलश यात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

स्मार्ट हलचल

**बांदनवाड़ा (अजमेर)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत गुरुवार को बांदनवाड़ा में भगवान श्री सत्यनारायण मंदिर परिसर के सामने भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्रभर से आए हजारों धर्मप्रेमियों की उपस्थिति से कस्बा पूर्णतः धार्मिक और भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ तुलसी मंगल कलश यात्रा एवं ऐतिहासिक त्रिवेणी संगम जल कलश यात्रा के साथ हुआ। त्रिवेणी संगम जल कलश यात्रा कस्बे के विभिन्न मंदिरों से होती हुई भगवान श्री सत्यनारायण मंदिर परिसर पहुंची, जहां वह विशाल धर्मसभा में परिवर्तित हो गई।



### धर्मसभा को संबोधित करते हुए संतों ने दिया एकता का संदेश

धर्मसभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय निर्मोही अखाड़ा, अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत श्री श्री 108 सत्यनारायण दास जी महाराज ने कहा कि हिंदू समाज को संगठित होकर गौ माता की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने तिलक, माला और शिखा को हिंदू पहचान का महत्वपूर्ण प्रतीक बताया।

निर्मोही अखाड़ा के ही महंत श्री श्री 108 संतोष दास जी (शिक्षा शास्त्री) ने कहा कि सनातन संस्कृति सृष्टि के आरंभ से चली आ रही है और हिंदुस्तान में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति हिंदू है।

हिंदू धर्म संरक्षक ठाकुर वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि जो भारत भूमि को माता मानता है, वही सच्चा हिंदू है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि और समाजहित में किए जा रहे कार्यों पर भी प्रकाश डाला।

दुर्गा माई संगठन से पूजा साहू ने कुटुंब प्रबोधन पर जोर देते हुए संत परिवार में रहने और पाश्चात्य संस्कृति से दूरी बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं वक्ता हनुमान सिंह ने गौ माता, गीता माता और धरती माता की रक्षा को हिंदू समाज का परम कर्तव्य बताया तथा धर्मांतरण व छुआछूत जैसी कुरीतियों का विरोध किया।



### महामंडलेश्वर माता सती नंद गिरी जी रहीं विशेष रूप से उपस्थित

धर्मसभा में अंतर्राष्ट्रीय किन्नर अखाड़ा, उज्जैन की महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 माता सती नंद गिरी जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ बांदनवाड़ा किन्नर आश्रम की पिंकी बुआ जी, सोनिया बुआ जी एवं सपना बुआ जी भी मंचासीन रहीं।

### ऐतिहासिक त्रिवेणी संगम जल कलश यात्रा

मुख्य जल कलश यात्रा प्रातः 10 बजे रेलवे कॉलोनी स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर से रवाना होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई मंदिर परिसर पहुंची। इसके अलावा बाबा रामदेव मंदिर, रैगरान बस्ती, लक्ष्मी नारायण मंदिर, चारभुजा नाथ मंदिर, गोपीनाथ जी मंदिर, पंचायत वाले बालाजी, बड़ी स्कूल, गणगौर दरवाजा, कालका माता मंदिर प्रतापपुर सहित अनेक स्थानों से कलश यात्राएं निकाली गईं। इस दौरान विभिन्न देवी-देवताओं की भव्य झांकियां सजाई गईं, जिनका नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

आयोजकों के अनुसार आजादी के बाद बांदनवाड़ा में पहली बार इस प्रकार की ऐतिहासिक त्रिवेणी संगम जल कलश यात्रा का आयोजन हुआ।

### महाप्रसादी में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

सम्मेलन के समापन पर महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें पंडाल में लगभग 3000 धर्मप्रेमियों ने सहभागिता की तथा करीब 3000 भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

# प्रांतीय महामंत्री विद्यासागर शर्मा का चित्तौड़ आगमन पर भव्य स्वागत



स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एवं बिजली कर्मचारी संघ इंटक शाखा चित्तौड़गढ़ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा प्रांतीय विद्युत मजदूर फेडरेशन के प्रदेश महामंत्री श्री विद्यासागर जी शर्मा का चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर डिस्कॉम महामंत्री विमलचंद जैन, जिला महामंत्री जाकिर हुसैन मंसूरी, जिला कोषाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, जिला संगठन मंत्री शुभम श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र पटवा, प्रमोद व्यास, शिवलाल बरगी, विजय मीणा, हेमराज मीणा, अशोक कोहली, प्रेम सिंह चुंडावत, समय सिंह सेनी, अशरफ अली, चैन सिंह मीणा, मनीष मीणा सहित बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने प्रदेश महामंत्री श्री शर्मा को जिले के बिजली तकनीकी कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से विस्तार से अवगत कराया। विशेष रूप से दीपावली पर ओवरटाइम भुगतान, कार्य दबाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों को लेकर चर्चा की गई।

प्रदेश महामंत्री श्री विद्यासागर शर्मा ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही निगम प्रशासन एवं उच्च अधिकारियों से वार्ता कर कर्मचारियों के हित में उचित समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने एकजुटता के साथ संगठन को मजबूत करने तथा कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# ढाई लाख की भैंस बनी चर्चा का विषय : सोशल मीडिया पर दिनभर छाई रही किसान की अनमोल भैंस

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** मेड़ता रोड के निकटवर्ती गांव नोखा क्षेत्र के चांदावता गांव में पली एक भैंस इन दिनों पूरे इलाके में चर्चा का केंद्र बनी हुई है। ढाई लाख रुपये की कीमत में बिकने वाली इस भैंस ने न केवल नोखा बल्कि आसपास के गांवों में भी खासा आकर्षण पैदा कर दिया है। सोशल मीडिया पर भी यह भैंस दिनभर सुर्खियों में रही।

प्रवक्ता गजेंद्र सैन ने जानकारी देते हुए बताया कि चांदावता निवासी किसान हनुमान राम जाट की इस भैंस को लाई गांव निवासी बजरंग विश्नोई ने खरीदा है। जब लोगों ने इतनी अधिक कीमत चुकाने के कारण के बारे में पूछा, तो इसके पीछे भैंस की असाधारण खूबियां सामने आईं।



बताया गया कि यह भैंस ढाई वर्ष की शुद्ध मुर्रा नस्ल की है। इसके सींग पूरी तरह गोलाकार हैं, पूंछ जमीन को छूती है और विशेष बात यह है कि इसके मुंह में अभी तक दांत नहीं आए हैं, जो इसकी कम उम्र और बेहतर नस्ल का प्रमाण माने जाते हैं। भैंस के साथ एक बछड़ी भी है।

छह दिन पूर्व ही गर्भ देने वाली यह भैंस वर्तमान में प्रतिदिन करीब छह लीटर दूध दे रही है। पशु चिकित्सक सुरेश टाडा ने बताया कि इस भैंस का कृत्रिम गर्भाधान किया गया था, जिसमें 'युवराज' नामक उन्नत नस्ल का प्रयोग किया गया। उनके अनुसार आने वाले समय में यह भैंस प्रतिदिन करीब दस लीटर दूध देने में सक्षम होगी।

भैंस का सौदा तय होने के बाद किसानों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार एक-दूसरे को साफा पहनाकर खुशी का इजहार किया और भैंस को सम्मानपूर्वक विदा किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में इतनी उच्च गुणवत्ता वाली मुर्रा नस्ल की भैंस का सौदा कम ही देखने को मिलता है।

किसानों का मानना है कि ऐसी उन्नत नस्ल की भैंसें दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाती हैं। यही कारण है कि यह भैंस आज पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# ग्रामीणों के सहयोग से पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जारोड़ा में बनेगा भव्य मुख्य द्वार

स्मार्ट हलचल

**जारोड़ा।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जारोड़ा में ग्रामीणों के सहयोग से विद्यालय का भव्य मुख्य द्वार बनाया जाएगा। इस मुख्य द्वार का निर्माण लगभग 21 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। प्रस्तावित मुख्य द्वार 25 फुट ऊंचा होगा और इसका निर्माण आरसीसी संरचना में किया जाएगा।

मुख्य द्वार की विशेष पहचान के रूप में इसमें जोधपुरी छित्तर के पत्थर का उपयोग किया जाएगा, जिससे द्वार को आकर्षक और टिकाऊ स्वरूप मिलेगा। मुख्य द्वार का 23 जनवरी बसंत पंचमी के दिन शुभ मुहूर्त में किया जाएगा।इस महत्वाकांक्षी निर्माण कार्य को लेकर विद्यालय परिसर में ग्रामीणों एवं विद्यालय प्रशासन की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में मुख्य द्वार के निर्माण की रूपरेखा, डिजाइन, लागत और सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों ने विद्यालय के विकास के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया, वहीं विद्यालय प्रशासन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मुख्य द्वार विद्यालय की पहचान को नई ऊंचाई देगा।

उल्लेखनीय है कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालय के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मुख्य द्वार के निर्माण से न केवल विद्यालय की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि यह विद्यार्थियों और ग्रामीणों में गर्व की भावना भी उत्पन्न करेगा। विद्यालय के मुख्य द्वार को लेकर एक 11 सदस्य दल की कमेटी भी बनाई गई है जिसमें पाबूराम जाजड़ा, रामाकिशन मेहरिया, लखाराम लामरोड, कुस्मा रामजी ईनानिया, अनिल जारोड़ा, सोहन लाल पोटलिया, हनुमान रामज पोटलिया, व्याख्याता श्रवण राम मंडा, हनुमान राम दुगस्तवा, घांसी राम तथा मोहम्मद अख्तर नदीम को सदस्यता कमेटी में मनोनीत किया गया है।

# बांसवाड़ा में माही टॉक फेस्टः युवाओं की रचनात्मकता को मिलेगा नया मंच

स्मार्ट हलचल|बांसवाड़ा

वागड़ की समृद्ध संस्कृति, कला और लोक चेतना को समर्पित माही टॉक फेस्ट के तहत युवाओं और विद्यार्थियों के लिए विविध रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव प्रतिभाओं को न केवल मंच देगा, बल्कि क्षेत्रीय पहचान और सांस्कृतिक गौरव को भी सशक्त करेगा।

फेस्टिवल संयोजक एवं अतिरिक्त निदेशक जनसंपर्क डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि आयोजन के अंतर्गत 24 जनवरी को गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय कैंपस में दो प्रमुख प्रतियोगिताएं होंगी। सुबह 9:30 बजे स्टोरी टेलिंग (कहानी वाचन) प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसका विषय 'वागड़ की आध्यात्मिक धारा' रखा गया है। वहीं 11:30 बजे से ड्रॉइंग प्रतियोगिता होगी, जिसमें प्रतिभागी 'जनजाति नायक' विषय पर अपनी कल्पना और कला का प्रदर्शन करेंगे।




इसके साथ ही डिजिटल युग को ध्यान में रखते हुए रील मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता का विषय 'नागरिक शिष्टाचार' है। प्रतिभागी अपनी रचनात्मक रील बनाकर 23 जनवरी तक 8824485310 पर भेज सकते हैं। आयोजकों के अनुसार, माही टॉक फेस्ट का उद्देश्य वागड़ अंचल की सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ना, युवाओं की अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना और रचनात्मक सोच को सामाजिक सरोकारों से जोड़ना है। माही टॉक फेस्ट में भाग लेकर प्रतिभागी अपनी कला के माध्यम से वागड़ का मान बढ़ा सकते हैं और अपनी पहचान बना सकते हैं।

# ग्राम पंचायत अमरथून में रैली, शपथ दिलवाई

### विभिन्न प्रतियोगिता सम्पन्न हुई

स्मार्ट हलचल|बांसवाड़ा

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अमरथून में गुरुवार को राष्ट्रीय एकता ओर अखंडता से ओत प्रोत होकर राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशाल रैली निकाल कर देश भक्ति राष्ट्र प्रथम-फ़िर हम का संदेश ओर शपथ दिलवाई गई।

संस्था प्रधान अरुण व्यास ने बताया कि आज गुरुवार को राष्ट्रीय संस्कृति और एकता अखंडता को बढ़ावा देने हेतु 643 विद्यार्थियो स्टॉफ शिक्षकों की ग्राम पंचायत अमरथून में रैली निकाल कर रोड सेफ्टी, नशा मुक्ति,साक्षरता में सहयोग, सहित विभिन्न बिन्दुओं पर प्रतियोगिता रंगोली, मेंहदी, चार्ट निर्माण, वाद विवाद, आशु भाषण, निबन्ध प्रतियोगिता, जलेबी दौड़ कब्बड्डी खो खो, दौड़, रस्सा कस्सी सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आहुत की गई।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुंदलू में भामाशाह द्वारा ट्रैक सूट वितरण कार्यक्रम संपन्न



स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** पुंदलू स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भामाशाह तेजाराम केड़िया व कर्माराम कमेड़िया के सहयोग से विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों को ट्रैक सूट वितरित किए गए। इस अवसर पर कुल 285 ट्रैक सूट भेंट किए गए, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान भामाशाहों ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों का भी विशेष महत्व है। ट्रैक सूट जैसे संसाधन विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं तथा उनमें अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। उन्होंने आगे भी विद्यालय के हित में सहयोग जारी रखने की बात कही।

विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षा भारती व उप प्रधानाचार्य मनोहर लाल प्रजापति एवं समस्त स्टाफ ने भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग न केवल विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाता है, बल्कि शिक्षा के प्रति उनकी रुचि भी बढ़ाता है। विद्यार्थियों ने भी ट्रैक सूट प्राप्त कर खुशी जाहिर की और भामाशाह का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सुखाराम,लिखमाराम भाकर, पूर्व सरपंच प्रकाश कंवलादा, रामलाल बेड़ा, नृसिंह वैष्णव,धर्माराम , मोतीलाल शर्मा, महादेव, गोवर्धन, तथा रामकरण सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक, ग्रामवासी एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने भामाशाह की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# अमाई (कोटपूतली) के प्रदीप गुर्जर का राजस्थान विश्वविद्यालय की पुरुष क्रिकेट टीम में चयन

स्मार्ट हलचल| अमाई, कोटपूतली

क्षेत्र के निवासी प्रदीप गुर्जर ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान की पुरुष क्रिकेट टीम में हुआ है। प्रदीप अमाई व कोटपूतली क्षेत्र के एकमात्र ऐसे छात्र हैं, जो इस स्तर पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त कर रहे हैं।

प्रदीप पिछले तीन वर्षों से राजस्थान विश्वविद्यालय से संबद्ध महाराजा कॉलेज की क्रिकेट टीम का नेतृत्व कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्स्ब स्टेडियम, जयपुर में नियमित अभ्यास किया और अपने अनुशासित खेल व निरंतर प्रदर्शन से खुद को साबित किया। इससे पहले भी वे कई महत्वपूर्ण क्रिकेट टूर्नामेंटों में भाग ले चुके हैं।



इसी वर्ष हुए इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में महाराजा कॉलेज की ओर से प्रदीप ने सर्वाधिक (बेस्ट) स्कोर बनाया, जो उनके चयन का एक मजबूत आधार बना। अब प्रदीप 27 जनवरी से 2 फरवरी तक राजकोट में आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय स्तरीय मुकाबलों में राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे। उनका चयन क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है और यह साबित करता है कि सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत से बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है।

# लघु उद्योग भारती जोधपुर के तत्वाधान में राजस्थान वित्त निगम संबंधी योजनाओं की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### आरएफसी लघु उद्योगों के वित्त पोषण का आधार, लघु उद्योगों के विकास में आरएफसी का महत्वपूर्ण योगदान -डॉ हर सहाय मीणा

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** लघु उद्योग भारती बोरानाड़ा, जोधपुर के तत्वावधान मे राजस्थान वित्त निगम से संबंधित औद्योगिक ऋण योजनाओं के बारे में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

इस कार्यशाला में राजस्थान वित्त निगम के कार्यकारी निदेशक डॉ हर सहाय मीणा को लघु उद्योग भारती जोधपुर के पदाधिकारियों द्वारा राजस्थान वित् निगम संबंधी माँगों को लेकर ज्ञापन प्रस्तुत किया गया ।उनकी मांगों के अनुसार राजस्थान वित् निगम जोधपुर के ऑफिस में पूर्णकालिक तकनीकी अधिकारी लगाने, आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टॉफ़ उपलब्ध कराने, ऋण योजनाओं में ब्याज दर कम करने व वाई यू पी वाई में सबवेंशन राशि 2 करोड़ से बढ़ाकर पाँच करोड़ करने तथा जोधपुर कार्यालय में लंबित ऋण आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करने का आग्रह किया गया । लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी अनिल अग्रवाल ने लघु उधोगों के विकास में आरएफसी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजस्थान वित् निगम की वित्तीय योजनाएं लघु उद्योगों के विकास के लिए आधारभूत योजनाएं है ।

लघु उद्योगों के विकास में आर एफ सी की महत्वपूर्ण भूमिका-डॉ हरसहाय मीना।



राजस्थान वित्त निगम के कार्यकारी निदेशक डॉ. हरसहाय मीणा ने लघु उद्योगों की विकास में आरएसी के योगदान पर चर्चा करते हुए बताया कि वर्तमान में आरएफसी द्वारा कई ऋण योजनाएं संचालित की जा रही है।इसमें युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना चलायी जा रही है । इस योजना की में साढ़े पाँच प्रतिशत की ब्याज दर से दो करोड़ रुपये तक ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है । इस योजना के अतिरिक्त आरएफसी की ओर से जनरल टर्म लोन योजना, सरल ऋण योजना, होटल रेस्टोरेंट पर्यटक संबंधी ऋण योजना, स्कीम फॉर गुड बॉरोवर्स, टॉप अप लोन स्कीम, स्कीम फॉर प्रोजेक्ट्स, स्कीम फॉर सिंगल विंडो आदि ऋण योजनाएं संचालित है ।इन योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आर एफ़ सी लघु उद्योगों के वित् पोषण का आधार है ।लघु उद्योगों के विकास में आर एफ सी की महत्वपूर्ण भूमिका है ।

उन्होंने लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में अंकित मांगों के संबंध अवगत कराते हुए बताया कि जोधपुर ब्रांच में तकनीकी अधिकारी लगाने तथा लंबित ऋण आवेदन प्रकरणों का 31 जनवरी तक तकनीकी अधिकारियों की विशेष टीम बनाकर निस्तारण किया जाएगा ।

इस कार्यशाला में जोधपुर ब्रांच की मैनेजर अलका सलूजा एवं अन्य कार्मिक तथा लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी महावीर चोपड़ा, अनिल अग्रवाल, राजेंद्रसुलझा, थानारा, महेंद्र चौधरी, भंवरलाल, अचलाराम, रामस्वरूप शर्मा, अनुराग महेंद्र सिंह, चंदाराम, राकेश चोरडिया, धीरजकुमार, प्रतीक जैन आदि उद्यमी उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त भदेसर भाजपा मण्डल अध्यक्ष रायका का स्वागत




**मंडफिया।** नव नियुक्त भदेसर मण्डल अध्यक्ष हीरा लाल रायका का भदेसर एवं क्षेत्र के गांवों में गुरुवार को गर्म जोशी के साथ स्वागत एवं सम्मान किया जा रहा है।

भाजपा कार्यकर्ता कन्हैया लाल तुसावड़ा ने बताया कि इसी क्रम में गुरूवार को सुबह रायका के मंगरी का अगोरिया पहुंचने पर मण्डल कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मण्डल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। मण्डल अध्यक्ष हीरालाल रायका के अगोरिया पहुचने पर घोड़ी पर बिठा कर डीजे के साथ फूल मालाओं से लाद उपरना एंव साफा पहना नगर भ्रमण करवा कर बैठक आयोजित की गई। नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष रायका ने बैठक को संबंध करते हुए शीर्ष नेतृत्व सांसद सीपी जोशी, विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या व जिला अध्यक्ष रतन लाल गाडरी सहित सभी कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामवासी व समाज जन उपस्थित थे।

# बड़ियाल कलां में बंदरों का आतंक, प्रशासन बेखबर

## घर-दुकान-स्कूल हर जगह बना डर का माहौल

स्मार्ट हलचल

**बांदीकुई।** बड़ियाल कलां गांव में इन दिनों बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गांव की गलियों, बाजार, सब्जी मंडी और स्कूल परिसरों में बड़ी संख्या में बंदरों के झुंड खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग अपने घरों से बाहर निकलने से भी डरने लगे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बंदर घरों की छतों पर डेरा जमाए हुए हैं और मौका मिलते ही घरों से सामान उठा ले जाते हैं। रसोई में रखा अनाज, फल, सब्जियां, कपड़े और बच्चों की कॉपियां तक बंदर ले जाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कई बार बंदर घरों में घुसकर तोड़फोड़ भी कर देते हैं, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।



सब्जी की दुकानों पर स्थिति और भी गंभीर बनी हुई है। दुकानदारों के अनुसार बंदर खुलेआम दुकानों से सब्जियां उठाकर ले जाते हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। ग्राहक भी डर के कारण दुकानों पर रुकने से कतराने लगे हैं। वहीं सब्जी लेने जाने वाले ग्रामीणों को रास्ते में अचानक बंदरों के सामने आ जाने से चोट लगने का खतरा बना रहता है।

सबसे ज्यादा चिंता का विषय बच्चों की सुरक्षा है। स्कूलों के आसपास भी बंदरों का जमावड़ा देखा जा रहा है। बच्चों के स्कूल आने-जाने के समय कई बार बंदर झपट्टा मारने की कोशिश करते हैं, जिससे अभिभावकों में भारी चिंता बनी हुई है। कुछ मामलों में बच्चे घबराकर गिर भी चुके हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर प्रशासन अब तक बेखबर बना हुआ है। गांव के निवासी सुभाष शर्मा ने गांव-गांव में लगाए गए प्रशासनिक शिविर कैंपों में बंदरों की समस्या को लेकर आवेदन भी दिया, लेकिन वहां से यह कहकर पल्ला झाड़ लिया गया कि 'लाल मुंह के बंदर हमारे अंडर में नहीं आते।' इस जवाब से ग्रामीणों में भारी रोष है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई कर बंदरों को पकड़वाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए, ताकि गांव में फिर से सामान्य जनजीवन बहाल हो सके।

# पंचायत समिति परिसीमन को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन




**चित्तौड़गढ़।** पंचायत समिति के वार्ड परिसीमन को लेकर सज्जनपुरा एवं रामपुरिया के ग्रामीणों ने गुरुवार को कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तथा जिला कलक्टर सहित सांसद सीपी जोशी, विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या को सौंपा।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महामंत्री राधेश्याम कुमावत ने बताया कि पंचायत के समिति वार्ड परिसीमन में पूरी पंचायत समिति में एक भी वार्ड ऐसा नहीं बना जिसमें दो अलग-अलग पंचायतों के टुकड़े ना हो। आंशिक ग्राम पंचायतों को जोड़ लोकतंत्र का गला घोंट कर राजशाही की स्थापना करने का प्रयास किया गया। इसी के तहत पंस के प्रस्तावित वार्ड संख्या 2 के तुम्बड़िया एवं ओडून्द पंचायत के गांव सज्जनपुरा, रामपुरिया, गाडरियावास को अलग करते हुए वार्ड 3 ग्राम पंचायत सतपुड़ा, नेतावल महाराज के साथ जोड़ा गया। इससे आहत होकर सज्जनपुरा, रामपुरिया के ग्रामवासियों ने मौजूदा ग्राम पंचायत तुम्बड़िया और ओडूंद के साथ ही रखा जाकर हमें वार्ड 2 में ही सम्मिलित करने की मांग की। जाने को लेकर ग्रामवासियों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा एवं शीघ्र निस्तारण की मांग की। इस दौरान सेवानिवृत तहसीलदार रतनलाल कुमावत, लक्ष्मीनारायण कुमावत, भेरूलाल कुमावत, सोहनलाल कुमावत, बरदीचंद कुमावत, शंकरलाल कुमावत, मिट्ठूदास वैष्णव, हरचंद, छीतर कुमावत आदि बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# खैराबाद के युवराज ने राष्ट्रीय खो-खो में राजस्थान को दिलाया स्वर्ण पदक

स्मार्ट हलचल | मंगरोप

राउप्रावि गुर्जरवाड़ा केकड़ी की मेजबानी में 16 से 21 जनवरी तक आयोजित 69वीं 14 वर्षीय राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में मेजबान राजस्थान टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए छात्र एवं छात्रा दोनों वर्गों में पहली बार स्वर्ण पदक अपने नाम किया।इस गौरवशाली उपलब्धि में हमीरगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के खैराबाद निवासी युवराज सिंह राठौड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।जेबीडिएन शिक्षण संस्थान,उच्च प्राथमिक विद्यालय खैराबाद में कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्र युवराज ने छात्र वर्ग में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।फाइनल मुकाबले में राजस्थान टीम ने मजबूत प्रतिद्वंद्वी उड़ीसा को पराजित कर पहली बार राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया।इस ऐतिहासिक सफलता पर जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष रामपाल चौधरी,सचिव



मायाकांत शर्मा,पूर्व सचिव केसर सिंह बल्ला सहित संपूर्ण भीलवाड़ा जिला खो-खो संघ की ओर से युवराज एवं टीम को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक गिरधारी लाल कुमावत एवं खो-खो प्रशिक्षक कन्हैयालाल कुमावत ने बताया कि युवराज के बुधवार को खैराबाद लौटने पर पूरे गांव में हर्षोल्लास का माहौल रहा।देर शाम ग्रामवासियों व खेल प्रेमियों ने गाजे-बाजे,आतिशबाजी और भव्य विजय जुलूस के साथ स्वर्णिम सफलता का जोरदार स्वागत कर युवराज का उत्साहवर्धन किया।युवराज की इस उपलब्धि से न केवल खैराबाद बल्कि पूरे भीलवाड़ा जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।

# संघ शताब्दी वर्ष पर हिन्दू सम्मेलन शंखनाद, महंत श्री सन्तदास जी महाराज ने किया पोस्टर विमोचन

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

संघ शताब्दी वर्ष पर देशभर में जगह जगह हिन्दू सम्मेलन आयोजित हो रहे है इसी कड़ी में भीलवाडा महानगर के जयमल राठौड़ नगर के शारदा बस्ती के गांव पांसल, मालोला, नाथो का खेड़ा, लक्ष्मीपुरा, जोधडास क्षेत्र के 5 गांवों का हिन्दू सम्मेलन पांसल गाँव में 1 फरवरी 2026 रविवार को होगा समाज की एकजुटता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले 'विराट हिन्दू सम्मेलन' की भव्य शुरुआत हाथी भाठा आश्रम महंत सन्तदास जी महाराज के करकमलों द्वारा पोस्टर विमोचन करवा के कर दी गयी है ! आयोजन समिति के अनुसार, इस महा-सम्मेलन का शुभारंभ मण्ड के महादेव जी से निकलने वाली एक विशाल प्रभात फेरी के साथ



किया जाएगा विराट हिन्दू सम्मेलन के प्रचार-प्रसार प्रमुख विकास सेन,पांसल ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया समाज में धर्म के प्रति अलख जगाने के उद्देश्य से प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है प्रातः 8 बजे प्रभात फेरी मण्ड के महादेव जी से प्रारंभ होकर लगभग 1 से 1.5 किलोमीटर के दायरे में भ्रमण करेगी इस दौरान समूचा मार्ग भजन-कीर्तन और भक्तिमय जयघोष से गुंजायमान रहेगा।

इसका समापन घडोई के बालाजी के यहाँ होगा और वही धर्मसभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम वह भारत माता की आरती होने के बाद भक्तगण समरसता प्रसाद ग्रहण करेंगे इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य सर्व हिन्दू समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित करना और उनमें उत्साह भरना है इस आयोजन का नेतृत्व भेरूलाल सेन, हरीश सुवालका, छोटू जाट, रामपाल जाट द्वारा किया जाएगा इस प्रभात फेरी में स्थानीय बस्तियों के विभिन्न महिला मंडलों सहित समाज के प्रबुद्ध नागरिक और बड़ी संख्या में युवा शक्ति अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी आयोजन समिति अध्यक्ष-रघुनन्दन जी शर्मा ने बताया कि इस जन-जागरण यात्रा के माध्यम से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बनाया जाएगा ताकि ये हिन्दू सम्मेलन एक महोत्सव की तरह संपन्न हो सके संरक्षक महंत सन्तदास जी महाराज हाथीभाठा आश्रम को निमंत्रण दिया गया इस मौके पर भेरू गाडरी, मिट्ठूलाल सेन, मदन धरावनिया, मिठूलाल सेन, विकास शर्मा, हरिओम माली, भगवती लाल सेन, धीरज सुवालका, अनिल जाट, कालूराम मेघवंशी, कैलाश शर्मा, सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर आयोजन को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।

# रामपुरिया नियुक्ति पर जैन समाज ने जताया आभार

**चित्तौड़गढ़।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पद पर सुदर्शन रामपुरिया को नियुक्त करने पर सकल जैन समाज द्वारा सांसद सीपी जोशी और विधायक चंद्रभान सिंह आक्या का मेवाड़ी पाग व जैन उपरना ओढ़ाकर आभार जताया।

इस दौरान महावीर जैन मंडल अध्यक्ष राजेंद्र दोशी, महासचिव सोहन पोखरना, अखिल भारतीय जैन दिवाकर संगठन समिति अध्यक्ष डॉ. आईएम सेठिया, श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्थान अध्यक्ष किरण डांगी, महामंत्री राजेश सेठिया, संरक्षक मनसुख पटवारी, श्री जैन दिवाकर संगठन समिति मंत्री सुधीर जैन, साधुमार्गी जैन श्रीसंघ अध्यक्ष रोशन लोढ़ा, मुकेश नाहटा, प्रदीप बोहरा, फतहलाल भड़कत्या आदि उपस्थित रहे।

# रंगपुर में विशाल भंडारा व भव्य जलयात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार

स्मार्ट हलचल | कोटा

जिले के लाडपुरा विधान क्षेत्र के रंगपुर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर श्री पंच केवट (कीर) समाज सेवा समिति द्वारा श्रीराम, लक्ष्मण,जानकी, शिव भगवान सालगृह पर विशाल भंडारा व भव्य जल यात्रा रखी गई है।

मंच के प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट ने बताया की 23 जनवरी 2026 शुक्रवार बसंत पंचमी के पावन अवसर पर श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी व शिव भगवान सालगृह के अवसर पर विशाल भंडारा व भव्य जलयात्रा व पाणिग्रहण संस्कार के कार्यक्रम



के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निजी सचिव व कहार कीर-केवट-कश्यप-मेहरा विकास मंच के प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार को समिति पदाधिकारीयो ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कोटा केम्प कार्यालय पर निमंत्रण पत्र दिया और प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया

और कोटा केम्प कार्यालय पर कार्यक्रम के रंगीन पोस्टर का विमोचन मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निजी सचिव व मंच के प्रदेशाध्यक्ष हरिनंदन कहार ने किया

इस अवसर पर केशवराय पाटन के युवा एवं एक्टिव पार्षद हरजीत केवट, मंच के प्रदेश प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री राजेन्द्र कहार, मीडिया प्रभारी दानमल कहार, बनवारी केवट, डैनी केवट, शांतिलाल केवट, छोटू लाल केवट, अजय केवट, लखन केवट सहित अन्य समिति के पदाधिकारी मौजूद थे

इस विशाल व भव्य कार्यक्रम में कोटा, बूंदी, भीलवाड़ा, टोंक, बारां, राजसमंद, चित्तौडगढ़ सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों से समाज बंधु शामिल होंगे।

# अमृत महोत्सव का शुभारंभ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जमा रंग

स्मार्ट हलचल

**बारां।** महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने कृषि उपज के मंडी प्रांगण में बुधवार देर शाम जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता, राजीविका के समन्वय से आयोजित अमृत महोत्सव 2026 का उद्घाटन किया। इसके साथ ही राजसखी मेले, अमृत महोत्सव मेले का भी शुभारंभ किया गया।

राज्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम में बालिकाओं और महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण की इस अभिनव पहल का स्वागत कर, विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना की। राज्य मंत्री द्वारा महिला संरक्षण, सुरक्षा से संबंधित कानूनों, नियमों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लोक कलाकारों व महाविद्यालय की छात्राओं ने लोक नृत्य व नृत्य की प्रस्तुति दी।



कार्यक्रम में राज्य एवं विभाग की फ्लैगशिप लाडो प्रोत्साहन योजनान्तर्गत नवजात बालिकाओं को बेबी किट और राजकीय जनजाति आवासीय बालिका छात्रावासों में आवश्यक सामग्री किट वितरण किए गए। जिले में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिला अधिकारिता एवं जिला ब्रांड एम्बेसडर डॉ सुधीरा के सहयोग से राजकीय कन्या महाविद्यालय में विकसित बेटी लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन भी किया गया। शुक्रवार को कवि सम्मेलन व शनिवार को फैशन शो एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर भंवरलाल जनागल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजवीर सिंह चौधरी, महिला अधिकारिता सहायक निदेशक राकेश कुमार वर्मा, राजीविका जिला परियोजना प्रबंधक राजीव सिंह तोमर, सूचना एवं जनसंपर्क सहायक निदेशक योगेंद्र शर्मा, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी मोहन लाल जयपाल, बाल विकास परियोजना अधिकारी विकास कुमार गोयल, आयुक्त नगर परिषद भुवनेश मीणा, महिला अधिकारिता के ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारीगण जिला प्रशासन, राजीविका समूह, बाल अधिकारिता से संबंधित विभागों के अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बालिकाएं, प्रबुद्धजन, पत्रकारगण, स्वयं सहायता, महिला जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# प्रदेश ओबीसी कांग्रेस की बैठकः मनरेगा में बदलाव पर विरोध, संगठनात्मक कार्यों पर चर्चा

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के सभी संभाग अध्यक्ष, जयपुर संभाग के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्षों की गुरुवार को ओबीसी कार्यालय श्याम नगर पर बैठक हुई। प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव ने बताया कि बैठक में कांग्रेस ओबीसी विभाग के पश्चिम भारत क्षेत्र प्रभारी रोहताश सिंह बेदी, नेशनल कोऑर्डिनेटर एवं राजस्थान प्रभारी चंदन ठाकुर, राजकमल राव एवं मोहित चौधरी ने पदाधिकारियों से संगठन मुद्दों पर वन टू वन चर्चा की और ओबीसी कांग्रेस को ब्लॉक और बूथ स्तर पर मजबूत करने तथा कांग्रेस पार्टी की रीति नीति को जन जन तक पहुँचाने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में ओबीसी कांग्रेस राजस्थान के सभी सातों संभाग अध्यक्ष एवं जयपुर संभाग के जिला




अध्यक्ष एवं जयपुर संभाग के प्रदेश पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में चेयरमैन हरसहाय यादव ने मनरेगा में बदलाव पर विरोध जताते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ आरोप लगाए। इस योजना में कांग्रेस ने जो लोगों के हित में प्रावधान किए थे, अब केंद्र सरकार ने उन पर कैंची चलाकर लोगों की आजीविका पर चोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस के समय शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करना शुरू कर दिया है। कुछ पदाधिकारियों ने ओबीसी समाज को संगठन में अधिक प्रतिनिधित्व देने की मांग की।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे संगठन महासचिव सागर मवार ने कहा कि बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई और आने वाले समय में किस प्रकार से संभाग और जिला स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए रणनीति तैयार कर जल्द दिशानिर्देश जारी किए जाएँगे जिससे तमाम ओबीसी वर्ग की छोटी छोटी जातियों को संगठन में भागीदारी मिल सके और कांग्रेस ब्लॉक बूथ स्तर पर मजबूत हो। मावर ने कहा प्रदेश और जिला स्तर पर संगठन में जितने पद खाली हैं, उन्हें जल्दी भरा जाएगा। हम जल्दी ही भाजपा के खिलाफ जनता के मुद्दों पर सड़कों पर संघर्ष करेंगे।

प्रदेश प्रवक्ता डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट ने बताया की हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भावना के अनुसार राजस्थान प्रदेश में ओबीसी की अति पिछड़ी व छोटी जातियों को भी ओबीसी कांग्रेस में जोडने का काम हमारे प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव ने किया है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में संभाग अध्यक्ष मोती लाल साँखला, अजीत सिंह महुवा, अमित कड़वासरा, लहरू लाल अहीर, अनुभव चंदेल, केसर कथात, उपाध्यक्ष भंवर लाल बिशनोई, श्रीमति कृष्णा सोलंकी, रोहिताश जांगिड, लोकेश सैनी, नरेंद्र मारवाल, महासचिव अरविंद जायसवाल, श्रीमती सरिता चौधरी, गजानंद कुमावत, उमराव यादव, सचिव सुमन चौधरी, अशोक यादव, रणजीत भार्गव, जिलाध्यक्ष खैराती लाल सैनी, शंकर बाजडोलिया, नानू राम कुमावत, बीकानेर जिलाध्यक्ष श्रीमती उमा सुथार, दूनी ग्राम सेवा सहकारी समिति लि के चेयरमैन मोतीलाल मेहरा सहित सेंकड़ो पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कोटा-झालावाड़ सिटी-अकलेरा खंड में सघन टिकट जाँच

# बिना टिकट यात्रा व अवैध वेंडिंग पर कार्रवाई, 134 प्रकरणों में 39,690 का जुर्माना

स्मार्ट हलचल | कोटा

यात्रियों में अनुशासन सुनिश्चित करने तथा बिना टिकट यात्रा और अवैध वेंडिंग पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल द्वारा कोटा-झालावाड़ सिटी-अकलेरा रेल खंड पर सघन टिकट जाँच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनियमित टिकट तथा अवैध वेंडिंग से जुड़े कुल 134 प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए किराया एवं जुर्माने के रूप में कुल 39,690 की वसूली की गई। यह कार्रवाई यात्रियों को निष्पक्ष, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यात्रा वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई।

जाँच के अंतर्गत झालावाड़ सिटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्षेत्र की भी सघन जाँच की गई, ताकि स्टेशन परिसर में अव्यवस्था एवं अनधिकृत गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

इस अभियान में टिकट जाँच दल के रूप में मुख्य टिकट निरीक्षक श्री लक्ष्मीकांत मीना, उप मुख्य टिकट निरीक्षक श्री दीपक शर्मा, वाणिज्य लिपिक-सह-टिकट संग्राहक श्रीमती विष्णु कुमारी, श्री ऋषभ कुमार तथा श्री उमेश कुमार, हेड कांस्टेबल श्री मुकेश कुमार मीना एवं कांस्टेबल श्री गोपी सहाय मीना शामिल रहे।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने अपील की है कि यात्री रेल यात्रा के दौरान वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा रेलवे नियमों का पालन करें। यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए कोटा मंडल में इस प्रकार के सघन टिकट जाँच अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

# 96 किलो 300 ग्राम पिसा हुआ व बिना पिसा हुआ अफीम डोडा चूरा बरामद

## परिवहन में प्रयुक्त 2 कार एवं एक ट्रैक्टर जप्त एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद

स्मार्ट हलचल

भवानी मंडी। झालावाड़ जिले में जिला पुलिस कप्तान अमित कुमार के पदभार संभालने के बाद जिले की पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है अवैध धंधों की लगातार कमर तोड़ रही है इसी कड़ी में मिश्रौली पुलिस द्वारा नशे पर प्रहार करते हुए 96 किलो 300 ग्राम पिसा हुआ और बिना पिसा हुआ अफीम डोडा चूरा बरामद परिवहन में प्रयुक्त दो कार जप्त एक ट्रैक्टर तथा एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए। भवानी मंडी पुलिस उपाधीक्षक प्रेम कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तथा अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा के निर्देश अनुसार जिले में लगातार मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान की कड़ी में मिश्रौली थाना अधिकारी सुरेंद्र सिंह को मिश्रौली थाना अंतर्गत छान का खेड़ा गांव में मादक पदार्थों की तस्करी के बारे में सूचना पर थाना मिश्रौली की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए छान का खेड़ा गांव में गोवर्धन सिंह के खेत से अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा मय इलेक्ट्रॉनिक कांटा और



बोरों की सिलाई की मशीन एक कार नंबर आरजे 19 सी 5899 एक कार बिना नंबरी हुंडई और एक ट्रैक्टर बिना नंबरी फार्म ट्रक एक पिस्टल मय दो जिंदा कारतूस को ज़ब्त करने में सफलता प्राप्त की डीवाईएसपी प्रेम कुमार ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ इस बड़ी कार्रवाई में मिश्रौली पुलिस थाना टीम में थाना अधिकारी सुरेंद्र सिंह सहायक उप निरीक्षक भगवान लाल । कांस्टेबल घनश्याम बलराम। सूरज। सचिन रामनिवास। दुदाराम। मुकेश कुमार। हनुमान तथा इन्हीं के साथ पगारिया पुलिस टीम के थाना अधिकारी किशन सिंह हेड कांस्टेबल सुभाष । कांस्टेबल किशनाराम। महिपाल सिंह आदि शामिल थे इनमें विशेष भूमिका कांस्टेबल अरविंद चालक वृत कार्यालय भवानी मंडी कांस्टेबल अजय वृत कार्यालय भवानी मंडी कांस्टेबल सूरज पुलिस थाना मिश्रौली की रही उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में गोवर्धन सिंह पुत्र सोदान सिंह जाति सोंधिया राजपूत निवासी छान का खेड़ा थाना मिश्रौली जिला झालावाड़ तथा शंभू सिंह पुत्र में नेन सिंह जाति सोंधिया राजपूत निवासी छान का खेड़ा थाना मिश्रौली जिला झालावाड़ को नाम दज किया गया है दोनों ही आरोपी फरार है।

# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कोटा में होगा 'श्री श्याम भजन संध्या' का आयोजन

स्मार्ट हलचल | कोटा

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शहर में श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत



'श्री श्याम भजन संध्या' का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 25 जनवरी को रात्रि 8 बजे से अनंतपुरा स्कीम स्थित स्काई पार्क मल्टी के पास, ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में आयोजित होगा।


श्याम भक्त एवं संयोजक पंकज बजाज ने बताया कि श्री श्याम मित्र मंडल संस्था के सानिध्य में आयोजित यह कार्यक्रम बाबा श्याम की भक्ति, सेवा एवं समर्पण की भावना को समर्पित रहेगा। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल पर बाबा श्याम का भव्य दरबार हजारों सुगंधित पुष्पों से सजाया जाएगा, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय और अलौकिक आभा से परिपूर्ण रहेगा। कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहक कुमार गिरिराज शरण (जयपुर), आरती माली (इंदौर) तथा पंकज म्यूजिकल ग्रुप (नेताजी) अपनी सुमधुर एवं भावपूर्ण भजन प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। भजनों के माध्यम से श्याम नाम का गुणगान, संकीर्तन एवं आराधना की जाएगी। संयोजक पंकज बजाज ने शहरवासियों एवं श्याम प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ अर्जित करने एवं आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# नगरपालिका की अनदेखी के चलते सेल्फी प्वाइंट आगे बना पार्किंग स्थल

## पार्किंग करने वालों पर जुर्माने का प्रावधान, फिर भी नियमों की हो रही अनदेखी

स्मार्ट हलचल|खाजूवाला

एक तरफ नगर पालिका ने प्रशासन के सहयोग से खाजूवाला के मुख्य मार्ग को सौंदर्यकरण करने के लिए राजीव सर्किल से लेकर उप जिला अस्पताल तक के मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करवाया। यातायात बाधित न हो इसके लिए भी नगर पालिका ने काफी प्रयास किया। वही सिंचाई कॉलोनी के पास सेल्फी प्वाइंट ( द्ध द्यश्1द्द चद्धड्डद्दह्ल- 2ड्डद्यड्ड ) भी बनवाया। ताकि यहां घूमने आने वाले लोगों को बेहतर जगह मिले। आपको बता दें कि यह सेल्फी पॉइंट सोशल मीडिया पर खाजूवाला की सुंदरता और पर्यटन को दर्शाने वाली सेल्फी और पोस्ट में भी प्रचलित है। नगर पालिका के द्वारा यहां पर साफ अक्षरों में लिखा हुआ है कि इस सार्वजनिक स्थल



को नुकसान पहुंचाने पर कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। वही इस क्षेत्र के आगे किसी भी तरह की पार्किंग नहीं की जाएगी ठेला,रेहडी या अन्य वाहन नहीं खड़े किए जाएंगे ऐसा करने पर 1 हजार रुपए जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है। लेकिन यह बातें सिर्फ दिखावटी प्रतीत होती है असल में ऐसा बिल्कुल भी नहीं है।इस सेल्फी प्वाइंट के आगे वाहनों



का जमावड़ा हर दिन लगा रहता है, यहां सब्जी की रेहड़ी लगती है ठेले लगते हैं लेकिन उन्हें रोकने वाला कोई नहीं है।शुरुआती दिनों में यह सेल्फी पॉइंट लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा ।अब तो सेल्फी प्वाइंट को लेकर लोगों की दिलचस्पी कम होती जा रही है।ऐसे में सार्वजनिक स्थल पर लिखे जूर्माना व कानूनी कार्रवाई की बात को दरकिनार कर लोग अपने वाहनों को खड़ा कर देते हैं जिसके कारण सेल्फी प्वाइंट दिखाई नहीं देता। इन दिनों देखा गया है कि रात के समय सेल्फी पॉइंट में अंधेरा रहता है। नगर पालिका के द्वारा अगर यहां सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है तो उसके रखरखाव की जिम्मेदारी भी उन्हें निभानी चाहिए। सेल्फी प्वाइंट के नजदीक रोशनी भी कम है। ऐसे में सेल्फी प्वाइंट जैसी सार्वजनिक जगह पर खड़े रहने वाले वाहनों पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जा रहा। क्यों नहीं वहां का रखरखाव किया जा रहा।सेल्फी प्वाइंट देखरेख के अभाव में बेकार हो रहे हैं। अब यहां सेल्फी तो दूर कोई झांकने तक नहीं आता। सेल्फी प्वाइंट के आगे की जगह का इस्तेमाल पार्किंग के लिए किया जा रहा है।इस स्थान को भी आसपास के लोग अपनी बाइक खड़ी करने के लिए प्रयोग कर रहे हैं। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी सोहनलाल नायक को इस पर सख्ती दिखानी पड़ेगी। यही नहीं खाजूवाला की सुन्दरता को दर्शाते इस सेल्फी प्वाइंट की जगह को सुन्दर बनाए रखने के लिए लोगों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

### इनका कहना है........

सेल्फी पॉइंट खाजूवाला की सुन्दरता को दर्शाता है, मुख्य मार्ग होने के कारण आकर्षण का केंद्र बिंदु भी है, अभी देखा जा रहा है कि रात्रि के समय अंधेरा होता है जिसके कारण यहां लोगों की आवाजाही कम हो गई है। वही सेल्फी पॉइंट पर पार्किंग स्थल करना गलत है, नगर पालिका को सख्त संज्ञान लेना चाहिए।

**राशिद सोम्य, सचिन सिंह**
**स्थानीय निवासी**

# यूपी अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत में कानपुर में उमड़े भाजपाई



### जाम से हुई भारी परेशानी

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद आज गुरुवार को पहली बार कानपुर आए पंकज चौधरी के स्वागत में भाजपायों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान कई जगह जाम लगने के फलस्वरूप राहगीरों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं में आपस में भिड़ंत भी हुई।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के आगमन पर इस भव्य स्वागत के दौरान जाजमऊ से शहर में प्रवेश करते समय गंगा के रास्ते नावों से केसरिया गुब्बारे भी उड़ाए गए। इस अनोखे स्वागत में मछुआरा समाज की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली। इस बीच गंगा घाट से लेकर शहर की सीमा तक उत्साह का माहौल नजर आया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्षपंकज चौधरी के स्वागत कार्यक्रम में कानपुर समेत आसपास के कई जिलों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने जेसीबी मशीन के जरिए प्रदेश अध्यक्ष पर फूल बरसाए। इस दौरान ढोल-नगाड़ों और नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। यही नहीं प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर जाजमऊ और आसपास के मार्गो पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। कई स्थानों पर जाम की स्थिति भी बनी, जिससे राहगीरों को भी भारी कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ा।

आज गुरुवार को यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत को भव्य बनाने के लिए जाजमऊ स्थित स्वागत स्थल पर करीब 200 किलो फूलों की व्यवस्था की गई थी। रोड शो के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। उनके स्वागत के दौरान सांसद रमेश अवस्थी ,विधायक सुरेंद्र मैथानी, पूर्व विधायक अजय कपूर ,महापौर प्रमिला पांडे, कानपुर बुंदेलखंड अध्यक्ष प्रकाश पाल सहित सभी सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकारी फ्री योजना में प्राप्त टेबलेट की तकनीकी समस्या का हुआ समाधान

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान सरकार की पूववर्ती गहलोत सरकार में फ्री टेबलेट योजना के अन्तर्गत छात्राओं को दिए गए टेबलेट में सिस्टम अपडेट के पश्चात् सभी सरकारी शैक्षणिक एप्स दीक्षा, शालादर्पण आदि बंद हो गये थे , इस समस्या को लेकर एससी एसटी महासभा के जिला संयोजक एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति के पीसीसी सदस्य रामेश्वर बैरवा द्वारा आवाज उठाने के बाद समाधान हो गया। जानकारी के अनुसार पूववर्ती गहलोत सरकार में फ्र ी टेबलेट योजना के अन्तर्गत छात्राओं को दिए गए टेबलेट में सिस्टम अपडेट के पश्चात् कई समस्याएं आ गई। जससे टेबलेट का शैक्षणिक उपयोग पूरी तरह से बंद हो गया था। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए छात्राएँ दर-दर भटक रही थी। कभी सीबीईओ कार्यालय, कभी जिला शिक्षा अधिकारी, कभी सम्पर्क पोर्टल, कभी जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक के पास शिकायतें की, लेकिन कोई निस्तारण नहीं हुआ। इसका पता चलने पर एससी एसटी महासभा के जिला संयोजक एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति के पीसीसी सदस्य रामेश्वर बैरवा ने आवाज उठाते हुए जिला कलक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी सहित मुख्यमंत्री के नाम बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित कर ज्ञापन सौंपा। जिसके परिणामस्वरूप गुरूवार 22 जनवरी को सम्पूर्ण राज-स्थान में टेबलेट पीसी सुचारू रूप से चालू हो गये, जबकि पिछले एक वर्ष से टेबलेट पीसी अनुउपयोगी थे। चित्तौड़गढ़ से मुद्दा उठने के बाद राजस्थान में छात्राओं के हित में आन्दोलन का रूप लिया और इसके चलते ही आज समस्या का समाधान हो सका।

# इलेक्ट्रॉनिक एंड प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों का परिचय पत्र वितरण समारोह 25 जनवरी को होगा आयोजित

## महामंडलेश्वर स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी शिवम जी महाराज, अनिल गुरु जी महाराज के सानिध्य में होगा समारोह

स्मार्ट हलचल|इटावा

इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर संगठन के तत्वावधान में पत्रकार पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं परिचय पत्र पत्रिका कार्यक्रम आगामी 25 जनवरी रविवार को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर महामंडलेश्वर शिवम जी महाराज, महामंडलेश्वर राजेंद्र दास जी महाराज (चित्रकूट) तथा राष्ट्रीय जय मां काली सेना के अध्यक्ष अनिल गुरुजी महाराज अपने कर-कमलों से संगठन से जुड़े पत्रकारों को परिचय पत्र वितरित करेंगे।

जिला प्रभारी सर्वेन्द्र कुशवाहा ने



बताया कि कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में परिचय पत्र वितरण समारोह प्रसिद्ध संतो के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश के प्रतिष्ठित संत-महात्मा एवं सामाजिक व्यक्तित्व सहभागिता करेंगे।

कार्यक्रम का आयोजन होटल द बैठक कचौरा रोड पर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह में नव-निर्वाचित पत्रकार पदाधिकारी अपने दायित्वों की शपथ लेंगे और निष्पक्ष, निर्भीक एवं जनहितकारी पत्रकारिता के संकल्प को दोहराएंगे। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम पत्रकारों के सम्मान, एकता और अधिकारों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम के दौरान संत-महात्माओं के प्रेरणादायी उद्बोधन भी होंगे, जिसमें समाज में पत्रकारिता की भूमिका, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रहित में मीडिया की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला जाएगा। इसके साथ ही संगठन की आगामी योजनाओं एवं पत्रकार हित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर संगठन ने सभी पत्रकार साथियों, गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# इसाक खान राष्ट्रीय पत्रकार संघ के संभाग अध्यक्ष नियुक्त

स्मार्ट हलचल|बानसूर

राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह ने आदेश जारी कर उपखंड क्षेत्र के ग्राम लोयती निवासी निवासी इसाक मोहम्मद खान पुत्र सद्दीक मोहम्मद खान को राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के कोटपूतली संभाग अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया हैं । खान की इस नियुक्ति पर सभी पत्रकारों ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं ढेर सारी शुभकामनाएं दी, उल्लेखनीय है कि



इशाक मोहम्मद खान पिछले कई सालों से पत्रकारिता में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# आरएनटी कॉलेज में चुनाव पाठशाला का आयोजन



**कपासन।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान सरकार के आदेशानुसार एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम के मार्ग निर्देशन में आरएनटी कॉलेज के निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एसएनए जाफरी ने बताया कि चुनाव जागरूकता को लेकर नोडल अधिकारी एवं उपाचार्य डॉ. ओपी सुखवाल ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु चुनाव पाठशाला का आयोजन किया। जिसमें डॉ. सुखवाल ने इलेक्ट्रोनिक इलेक्ट्रोरल फोटो आइडेंटी कार्ड, वोटर हेल्प एप, हेल्पलाइन नं. 1950, सक्षम सी-विजिल ऐप आदि की जानकारी देते हुए जागरूक मतदाता बनने का आह्वान किया। इसके साथ ही नव मतदाता को मतदाता पंजीकरण की जानकारी देते हुए वर्ष में 4 बार नवीन मतदाता पंजीकरण की तारीखों से अवगत कराया। कार्यक्रम में सह आचार्य डॉ. मनीष कुमावत, एनएसएस प्रभारी एचएल अहीर, पवन वैष्णव ने सहयोग प्रदान किया।

# भारत ने जी4 की ओर से यूएनएससी में की सुधार की मांग

स्मार्ट हलचल|शाश्वत तिवारी

**न्यूयॉर्क।** भारत ने जी4 समूह की तरफ से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की मांग की है। यहां संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने यूएन सिक्योरिटी काउंसिल में सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) बैठक में जी4 सदस्यों यानी भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान की ओर से 6 बिंदुओं का स्पष्ट खाका पेश किया। इसमें परिषद की सदस्य संख्या को मौजूदा 15 से बढ़ाकर 25 या 26 करने का प्रस्ताव प्रमुख है।

न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, भारत ने जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र वैश्विक चुनौतियों से अछूता नहीं है। संगठन की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि यह वैश्विक स्तर पर चल रहे संघर्षों को सार्थक ढंग से संबोधित करने में असमर्थ साबित हो रहा है। इस स्थिति का एक प्रमुख कारण सुरक्षा परिषद की प्रभावशीलता की कमी



है, जो व्यापक शक्ति-संतुलन की बदलती गतिशीलता का भी हिस्सा है। भारत ने जी4 के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि सुधार की आवश्यकता अब दिन-प्रतिदिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है।

भारतीय मिशन के अनुसार, राजदूत हरीश ने बैठक में कहा सुधारों में देरी से मानवीय पीड़ा और दुख में इजाफा होगा। जारी संघर्षों की भारी कीमत चुकानी पड़ रही है, जहां हर दिन असंख्य निर्दोष लोगों की जान जा रही है। परिणामहीन बैठकों के चक्र में उलझने की गुंजाइश नहीं है। हमें सामूहिक रूप से हर क्षण का सदुपयोग करना होगा। जी4 परिणामोन्मुख प्रक्रिया पर लगातार जोर देता आया है। स्पष्ट मील के पत्थरों और समय-सीमाओं वाले टेक्स्ट-आधारित वार्ता को केंद्रीय महत्व दिया जाना चाहिए। जी4 एक समेकित मॉडल की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो टेक्स्ट-आधारित वार्ताओं का पूर्ववर्ती चरण हो सकता है।

इसके साथ ही जी4 ने सुधारित सुरक्षा परिषद के लिए अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया और बताया कि परिषद का आकार 15 से बढ़ाकर 25 या 26 किया जाना चाहिए तथा यह विस्तार स्थायी एवं अस्थायी दोनों श्रेणियों में होना चाहिए।

भारतीय राजनयिक ने यूएन में ग्लोबल साउथ के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व की गंभीर कमी को दूर करने की बात दोहराई और उनके द्वारा सुझाए जी4 मॉडल के अनुसार, छह नए स्थायी सदस्य जोड़े जाने चाहिए। अफ्रीकी क्षेत्र से दो, एशिया-प्रशांत से दो, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र से एक और पश्चिमी यूरोप क्षेत्र से एक सदस्य जोड़ा जाना चाहिए। साथ ही 4 या 5 अतिरिक्त अस्थायी सदस्य भी जोड़ने की बात सुझाई गई है। जी4 की ओर से भारत ने इस मॉडल को समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं का प्रतिबिंब बताया है।

# आज नामदेव सेवा मंडल छीपा समाज द्वारा भीनमाल में शोभायात्रा का आयोजन

स्मार्ट हलचल

**भीनमाल।** नामदेव सेवा मंडल छीपा समाज द्वारा संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज का ज्ञानोदय उत्सव व बसंत पंचमी उत्सव शुक्रवार को शहर के महावीर जी मंदिर के पास भास्कर भवन में मनाया जाएगा जिसमे सुबह नामदेव सेवा मंडल छीपा समाज द्वारा शहर में शोभायात्रा का आयोजन होगा, इस अवसर पर बड़ी संख्या में छीपा समाज के लोग शिरकत करेंगे शोभायात्रा के बाद लाभार्थियों का सम्मान समारोह भी रखा गया है जिसमें चढ़ावे के लाभार्थियों का बहुमान किया जायेगा नामदेव महाराज का ज्ञानोदय दिवस एवं बसंत पंचमी पर आयोजित समारोह में स्थानीय समाज बंधुओं के साथ दूर दराज के समाज बंधु भी भाग लेगें आयोजन के लिए संपूर्ण तैयारियां की जा चुकी है एवं कार्यकर्ताओं को भी विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है उपरोक्त जानकारी नामदेव सेवा मंडल के मुकेश सोलंकी ने दी।

# उमराह कर लौटे जायरीनों का इस्तकबाल



**निम्बाहेड़ा।** मुस्लिम समाज के सबसे पाक और मुकद्दस धार्मिक स्थलों में शुमार सऊदी अरब स्थित मक्का-मदीना की 20 दिवसीय उमराह यात्रा से लौटे 101 जायरीनों का बुधवार को गुलपोशी कर इस्तकबाल किया गया।

यह उमराह यात्री गत माह 28 दिसंबर को नगर के बस स्टैंड स्थित बाग वाली मस्जिद परिसर से रवाना हुए थे। उमराह यात्रा के दौरान इस ग्रुप में शामिल दो जोड़ो का निकाह भी हुआ तथा एक महिला की तबियत खराब होने से मौत हो गई थी। इसके बाद100 जायरीनों के पुनः अपने वतन लौटने पर इस्तकबाल किया गया। निम्बाहेड़ा हज खिदमत कमेटी के सदर मतलूब अजमेरी ने बताया कि ग्रुप के अब्दुल रज्जाक द्वारा नगर के मेवाती जमात खाना में उमराह का सफर खैरियत से मुकम्मल होने की खुशी में दावत-ए-न्याज का प्रोग्राम रखा गया, जिसमें कई समाजजनों ने शिरकत की। इस मौके पर हज खिदमत कमेटी के सदर मतलूब अजमेरी, सचिव हाजी अख्तर पटेल, नायब सदर हाजी भूरू जागीरदार, सलाहकार मोहम्मद फारूक छिपा, कोषाध्यक्ष अब्दुल कलाम एडवोकेट, चित्तौड़गढ़ जिला हज कमेटी के जिलाध्यक्ष उबैद खान ठेकेदार, जमील खान उर्फ भाया बैट्री, हाजी कल्लू बा मंसूरी, जाकिर हुसैन, जावेद खान आदि मौजूद रहे।

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे – सचिव दीपक कुमार

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश, जलभराव, शिक्षा, आवास और रोजगार योजनाओं की हुई समीक्षा

स्मार्ट हलचल

**काशीपुर।** सचिव, संस्कृत शिक्षा, जनगणना एवं कार्यक्रम विभाग दीपक कुमार ने विकास खण्ड भागार में आयोजित 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय और गंभीरता के साथ कार्य करें।

### सीएम घोषणाओं और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

सचिव श्री कुमार ने मुख्यमंत्री घोषणाओं से जुड़े निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो कार्य प्रगति पर हैं, उन्हें तेजी से पूर्ण किया जाए। वहीं, जो योजनाएं शासन स्तर पर लंबित हैं, उनकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत की जाए, ताकि उनका समयबद्ध समाधान हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि



किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समय पर निस्तारण अनिवार्य

सचिव ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता से दूरभाष पर संवाद कर समस्या का संतोषजनक समाधान किया जाए, ताकि जनता का प्रशासन पर भरोसा मजबूत हो।

नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए सचिव ने कहा कि शहर में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए बेहतर ड्रेनेज प्लान तैयार कर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में जलभराव आम जनता के लिए बड़ी परेशानी बनता है, इसलिए इस समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाना चाहिए।

### ग्रामीण योजनाओं पर विशेष फोकस, गांव-गांव जाकर संवाद के निर्देश

सचिव श्री कुमार ने अधिकारियों को ग्रामीण उन्मुख योजनाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'प्रशासन गांव के तहत गांव में' अभियान के अंतर्गत अधिकारी गांव-गांव जाकर 'सरकार जनता के द्वार, जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम के तहत शिविर लगाएं और ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित करें।

### शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और सामाजिक सुविधाएं सरकार की प्राथमिकता

सचिव ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि, पशुपालन, सिंचाई, सड़क और सामाजिक सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर जनता और जनप्रतिनिधियों को जागरूक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

### विद्यालयों में शौचालय मरम्मत का अल्टीमेटम

जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए सचिव ने कहा कि सभी विद्यालयों में खराब या बंद शौचालयों की मरम्मत कर 08 मार्च (अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस) से पूर्व उन्हें सुचारू रूप से चालू किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित विद्यालय वातावरण बालिकाओं की शिक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### 'मेरी योजना' पुस्तक पढ़ने की अपील

सचिव ने कहा कि सरकार द्वारा प्रकाशित 'मेरी योजना' पुस्तक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और उनका लाभ लेने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई है। यह पुस्तक सरकार की विभिन्न विभागीय वेबसाइट्स पर उपलब्ध है और आम जनता को इसे पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

### प्रमुख योजनाओं की विस्तार से समीक्षा

बैठक के दौरान सचिव ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, एनआरएलएम, एनयूएलएम, स्वयं सहायता समूहों की स्थिति, उनकी आय में हुए परिवर्तन, मनरेगा, सिंचाई योजनाएं, जल जीवन मिशन (हर घर नल) सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

### अधिकारियों को नवाचार और सरलीकरण पर काम करने के निर्देश

सचिव श्री कुमार ने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में नवाचार लाएं और प्रक्रियाओं को सरल बनाएं, ताकि जनता को लाभ लेने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि 'सर्वजन हिताय' की भावना के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य है।

### बैठक में ये अधिकारी रहे उपस्थित

बैठक में नगर आयुक्त रविन्द्र बिष्ट, तहसीलदार पंकज चंदोला, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस. के. दीक्षित, खण्ड विकास अधिकारी कमल किशोर पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मांडना विद्यालय में बच्चों को ऊनी वस्त्र वितरित



**बेगूं।** आईआईएफएल फाउंडेशन की पहल के तहत सखियों की बाड़ी केंद्रों पर स्वेटर, जूते, मौजे, जैकेट वितरित किए गए।

आईआईएफएल फाउंडेशन के निदेशक मधु जैन की पहल से बेगूं में शीतकाल में बालिकाओं की शिक्षा को निरंतर बनाए रखने के लिए सखियों की बाड़ी केंद्र मांडना पर बालिकाओं को निःशुल्क स्वेटर, जूते एंव मौजे वितरित किए गए। कार्यक्रम में डिप्टी अंजली सिंह द्वारा आईआईएफएल फाउंडेशन के निदेशक मधु जैन का आभार व्यक्त किया व इस पहल का सराहनीय कार्य बताया। फाउंडेशन ब्लॉक समन्यवक अनिल कुमार ने बताया कि आईआईएफएल फाउंडेशन का उद्देश्य केवल सामग्री वितरण तक सीमित नही है बल्कि बालिकाओं में शिक्षा के प्रति आत्मविश्वास पैदा करना और उन्हें निरंतर विधालय व अध्ययन केंद्रों से जोड़े रखना भी है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com